ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-07 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## गागर में सागर

### बैगलेस डे के प्रशिक्षण शिविर में पलामू के तीन मास्टर ट्रेनरों ने लिया भाग



**सतबरवा।** स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की अहम और अनोखी पहल पर बैगलेस डे में झारखंड के करीब 1500 स्कूलों के बच्चों तक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहुंचेगा। इसके तहत शिक्षकों को बैगलेस डे के अंतर्गत पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के कॉन्सेप्ट को लाया गया। जिसमे वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच साल में 10 दिन 'बैगलेस डे' के रूप में मनाया जायेगा। साथ ही स्कूलों में आसपास के कुशल कारीगरों जैसे बढ़ई, लोहार, मूर्तिकार, कुम्भकार, दुकानदार, समेत जो भी तकनीकी रूप से दक्ष हैं। उनको बुलाकर स्कूली बच्चों में रोजगार सोच विकसित करने की सरकारी योजना है। इसके लिए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची में पूरे राज्य के मास्टर ट्रेनर्स को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे हर जिले से तीन तीन मास्टर ट्रेनर भाग लिए। पलामू से मास्टर ट्रेनर के रूप में अर्पण कुमार गुप्ता, मो शमशाद, एवम शैलेंद्र कुमार् शर्मा ने भाग लिया। उक्त बातें शिक्षक अर्पण कुमार गुप्ता ने बताया। और उन्होंने कहा कि विभागीय आदेश के बाद नवंबर माह से ये प्रशिक्षण सभी जिला के डायट में आयोजित होगा जहां उस जिले के वैसे विद्यालय जहां वोकेशनल की पढ़ाई होती है वैसे चयनित विद्यालयों से दो - दो शिक्षक डायट में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालय में पूर्व व्यवसायिक कक्षा के पाठ्यक्रम का कॉन्सेप्ट बच्चों के मन में डेवलप कर इसका इंप्लीमेंटेशन करेंगे ताकि भविष्य में शिक्षित बेरोजगार की जो फौज तैयार हो रही है उसमे कटौती हो और बच्चे अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें।

# सामान खरीददारी में छूट के नाम पर युवक से सात लाख की ठगी

## ठग बाइक से बिहार की ओर फरार

### पीड़ित व्यक्ति गढ़वा जिला के नगर उंटारी थाना अंतर्गत पाल्हे कला गांव का निवासी है



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड़ स्थित होटल आरबी पैलेस में बुधवार को सामान खरीददारी करने पर छुट मिलने का झांसा देकर अमीरचंद गुप्ता नामक व्यक्ति से 7 लाख रुपए की ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यक्ति गढ़वा जिला के नगर उंटारी थाना अंतर्गत पाल्हे कला गांव का निवासी है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इसमें पीड़ित व्यक्ति ने कहा है कि विगत 10 अक्टूबर को सिरियाटोंगर स्थित उसके गुप्ता लाइन होटल में एक व्यक्ति आया। उसने अपना नाम मनोज सिंह चंदौली उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताते हुए एक बिजनेस करने की बात कही। जिससे किसी भी सामान की खरीददारी करने पर 10 से 20 प्रतिशत छूट मिलेगा। इसके बाद वह व्यक्ति अपना मोबाइल नंबर 8797226814 से लगातार उक्त बिजनेस शुरू करने के लिए प्रेरित करता रहा। साथ ही कहा कि 7 लाख रुपए से बिजनेस शुरू होगा, रूपए सिर्फ दिखलाना है, उसे तुरंत वापस कर दिया जायेगा। उसके झांसा में आकर आस- पास के लोगों से मांग कर 7 लाख रुपए का इंतजाम कर उक्त व्यक्ति के कहे अनुसार छतरपुर आया। पुनः फोन कर उसने हरिहरगंज बुलाया तथा आर बी पैलेस होटल में मीटिंग होने की बात कही। जहां पहुंचने पर उसे धोखाधड़ी कर 7 लाख रूपए के बदले कागज का बंडल अखबार में लपेट कर दे दिया। साथ ही अपने किसी साहब को लेकर आने की बात कह वह व्यक्ति अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अपराधी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शहर में शीघ्र ही चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के सभागार में टाउन वेंडिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने किया। मुख्य बाजार रोड में हो रहे जाम की समस्या से अवगत हुए। उक्त बैठक में नगर पंचायत के अधीन बन रहे तीन वेंडिंग जोन पर प्रकाश डाला गया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी टाउन वेंडिंग सदस्यों से उनकी मुख्य परेशानियों के बारे में जाना तथा उसे जल्द ही समस्या दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत कृतसंकल्पित है। शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए दुर्गा पूजा के बाद मुख्य बाजार समेत शहर के कई अन्य क्षेत्रों में प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश कुमार सिंह, धीरज गुप्ता, एवं सभी टाउन वेंडिंग कमिटी के सदस्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

### दिव्यांग अधिकार मंच प्रदेश कमिटी की बैठक सम्पन्न

**छतरपुर।** दिव्यांग अधिकार मंच की प्रदेश कमेटी ने स्थानीय हाई स्कूल के स्टेडियम में दिव्यांगों के हित की रक्षा के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में मंच के प्रदेश संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून उपस्थित थे।

### सच्चे मन से मां दुर्गा की पूजा से हर मनोकामना होती है पूरी : मनीष



**हरिहरगंज।** शहर के मेन बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर बुधवार की रात्रि रासलीला कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर नवयुवक सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने मनीष सिंह सहित अन्य अतिथियों को फूल माला व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर मनीष सिंह ने कहा कि सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने वाले श्रद्धालुओं को हर मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकजुटता का परिचय देता है। कार्यक्रम में कलाकारों ने रासलीला का मंचन कर श्रोताओं का मन मोह लिया। मौके पर एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षक सुरेश सिंह, पूजा कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, सचिव संजय कुमार, बीनू जायसवाल, विकास, करण राजवीर, रामजी सहित हजारो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें।

### पूर्व विधायक के प्रयास से दो गांव में जुटी लाइन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुदूरवर्ती रबदी तथा भौराहा गांव में गत दिनों बिजली विभाग के पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण पूरे गांव का बिजली काट दिया था। जिस कारण उक्त गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थें। उक्त समस्या को लेकर दोनों गांव के ग्रामीणों ने हरिहरगंज- हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता से मिलकर अपनी समस्या को रखा। वहीं विधायक श्री मेहता ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को उक्त दोनों गांव में गये। जहां उन्होंने विभाग के सचिव अविनाश कुमार, विद्युत महाप्रबंधक, एवं कार्यपालक अभियंता को अवगत कराया। जिसे विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों ने विद्युत विभाग के गर्मियों को गांव में भेजवाया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक ने अपने उपस्थिति में ही बिजली को जोड़वा दिया। गांव में बिजली सप्लाई होते ही ग्रामीण में खुशी की लहर दौड़ गयी। वहीं ग्रामीण अजय यादव, छोटू यादव, मुन्ना यादव, रंजीत कुमार व विकाश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया है।

### एमके डीएवी में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला संपन्न

# तनाव प्रबंधन एक बड़ी चुनौती : डा. जीएन खान



### विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 14 प्रतिशत लोग मानसिक अस्वस्थता के शिकार हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति पलामू द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि मोहम्मद समायूलहक मनोचिकित्सा सलाहकार पलामू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अधिकांश युवा अवसाद ग्रस्त हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 14 प्रतिशत लोग मानसिक अस्वस्थता के शिकार हैं, अगर इसके कारण पर विचार करें तो बाल्यावस्था में शोषण, माता-पिता का मादक द्रव्यों का सेवन करना, पोषण की कमी, दूषित परिवेश समेत अन्य कारण हो सकते हैं। वहीं निराकरण हेतु मनोचिकित्सकों से परामर्श एवं काउंसिलोरों की सहायता लेकर नियमित व्यायाम और पोषक आहार से ही इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी. एन. खान ने बच्चों से प्रश्न पूछा - स्वस्थ व्यक्ति कौन? इसका उत्तर देते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह स्वीकार किया है कि जो व्यक्ति शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक रूप से समृद्ध है वही स्वस्थ है। आज इस गला काट प्रतियोगिता के युग में जब कोई बच्चा अपने आप को कतार में खड़ा नहीं कर पाता, असफल होता हैं तब अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी समस्याएं माता-पिता, शिक्षकों से साझा करें। जिससे उन्हें कुछ मदद मिल सके और मन भी हल्का हो। माता-पिता और शिक्षक भी ऐसे छात्रों से सहानुभूति रखकर उन्हें मदद करें। आज के युग में तनाव प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। अगर तनाव का प्रबंधन ठीक से ना हुआ तो छात्र आगे चलकर अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। छात्रों के लिए तो थोड़ा तनाव तो बेहतर है क्योंकि तनाव के बिना सफलता नहीं प्राप्त होगी किंतु अधिक तनाव उन्हें मानसिक क्षती पहुंचाकर बीमार बना सकता है। उन्होंने अपनी बात को बल देने हेतु एक उदाहरण बताया कि किस तरह एक व्यक्ति 12 बार असफल होकर भी 13वीं बार आईएएस की परीक्षा में सफल हुआ। अतः लघु तनाव को हमें आशीर्वाद की तरह स्वीकार करते हुए अधिक तनाव से बचने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे में इस तरह की कार्यशालाएं बच्चों को मानसिक प्रबलता प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र सिंह समाजसेवी उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षिका मीनाक्षी करण ने किया तथा शिक्षक आलोक कुमार, अंजनी कुमार भारद्वाज , नीरज कुमार सिन्हा एवं अनंत पाठक भी उपस्थित थे।

# पुलिस ने अवैध महुआ शराब अड्डे को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के खिलपर गांव में गुरुवार की सुबह पुलिस ने छापामारी कर अवैध शराब के अड्डे को ध्वस्त किया है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी के नेतृत्व में पुलिस बल की चली इस छापामारी अभियान में करीब 50 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया है। साथ ही शराब भट्ठी ध्वस्त सहित उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली बर्तन को बरामद किया गया है। पुलिस को देखते ही इस अवैध कारोबार लगे लोग भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि संभावित ठिकानों पर पुलिस की छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने इस कारोबार से जुड़े लेगों को दूसरा व्यवसाय करने या जेल जाने को तैयार रहने की चेतावनी दी है। वहीं शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस की विभिन्न गांवों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

### नये मतदाताओं के नाम जोड़ने को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

**हुसैनाबाद।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने इ विद्यावाहिनी से जुड़े नये मतदाताओं को नाम जोड़ने को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में समीक्षा बैठक की। निर्वाचन आयोग द्वारा क्षेत्र वार वैसे नए मतदाताओं का जिनके नाम ई विद्यावाहिनी में जुटा है। जिनका आगामी जनवरी 2024 या अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरा होगा। वैसे विद्यार्थियों को प्रपत्र 6 भरकर जमा लेना है। इस सम्बंध में एसडीओ ने अद्दतन जानकारी ली। अब तक जिनका फार्म जमा नहीं हुआ है, हर हाल में 27 अक्टूबर तक फार्म जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सम्बंधित प्रधानाध्यापकों को इस कार्य को अविलंब पूरा करने के लिये सक्रियता के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि उक्त निर्धारित तिथि के अनुसार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में अनुसार ई विद्यावाहिनी से 13874 युवा निर्धारित उम्र को पूरा करेंगे। अबतक 10280 प्रपत्र 6 जमा लिया गया है। मौके पर मुख्य रूप से सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर सीओ राजीव नीरज, रंजीत कुमार, पभवर सिंह, प्रियहित कुमार सोनी,राम नारायण रवि,जितेंद्र कुमार गुप्ता,मो. मशरूद्दीन, सोहैल अख्तर, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार,आदि मौजूद थे।

### नेशनल आइटीआई में लगा रोजगार मेला, 47 प्रतिभागियों का चयन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित नेशनल आइटीआइ कॉलेज परिसर में गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में वंसल वायर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मैनेजर संजीव कुमार, प्रोडक्शन मैनेजर संभाजी, मार्केटिंग मैनेजर समीर, मैटेरियल हैंडलिंग संजीव यादव के द्वारा जांच परीक्षा ली गयी। परीक्षा में 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमे 47 प्रतिभागियों का सलेक्शन किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए संस्थान प्रतिबंध है। प्रत्येक वर्ष इस तरह का कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता, अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, कुंदन कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, रवि रंजन वर्मा सहित कई लोग मौजूद थें।

### विधायक ने किया रबदा व बकोरिया में कई योजनाओं का शिलान्यास

**सतबरवा।** झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास का पैसा रोक देने के बाद झारखंड वासियों के लिए अबुआ आवास बनेगा। जिसमें तीन कमरे बनाये जायेंगे। उक्त बातें गुरुवार को विधायक रामचंद्र सिंह ने मनिका विधानसभा के सतबरवा प्रखंड के दो पंचायत रबदा व बकोरिया में पांच योजनाओं के शिलान्यास के मौके पर कही। विधायक रामचंद्र सिंह ने क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान एक-एक कर किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सौतेला व्यवहार के कारण झारखंड में विकास करने में थोड़ी परेशानी हो रही है परंतु हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का उत्तरोत्तर विकास तेज गति से हो रहा है। पूरे झारखंड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जबकि जल नल योजना के तहत हर घर में पानी पहुंचाया जा रहा है। हर गरीबों को आवास देने के लिए कृत संकल्पित झारखंड सरकार ने अबुआ आवास बनाने का निर्णय लिया है। शिक्षा का बेहतर माहौल बना है, इसमें उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है, शिक्षकों की बहाली करने की ईमानदार कोशिश की जा रही है।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(महात्मा गांधी नरेगा कोषांग)**
**कार्यालय आदेश**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक–4729, दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक–6440 दिनांक–17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक–848 दिनांक–21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु ग्राम रोजगार सेवक के 25 रिक्त पदों पर नियुक्ति पूर्णतया संविदा के आधार पर की जानी है। कार्यालय ज्ञापांक–533/मनरेगा, दिनांक–01.09.2023 से विज्ञापन संख्या–01/2023 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाईन आवेदन दिनांक 25.09.2023 तक प्राप्त किया गया है। प्राप्त आवेदनों को कंप्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत गढ़वा जिले के पोर्टल garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। वैसे अभ्यर्थी जिन्हें सूची में किसी प्रकार का मात्र अंकनीय एवं टंकनीय सुधार कराना हो, वे दिनांक 25.10.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा/आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति ईमेल mgnregagarhwa2023@gmail.com के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। साथ ही यदि किसी अभ्यर्थी का अंक–पत्र/ प्रमाण–पत्र गलत पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा
PR.NO.309586 Rural Development(23-24):D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
(लापता एस कुमार, उर्फ ऐश कुमार, उम्र करीब–28 वर्ष)



रंका थाना कांड सं0–159/2023 दिनांक–29.09.2023, धारा–364 भा0द0वि0 में लापता पुरूष, एस कुमार, उर्फ ऐश कुमार उम्र करीब–28 वर्ष, पे0–बैजनाथ राम, सा0–सरोईखुर्द, थाना रंका, जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड की रहने वालें है। जो बिना बताये कहि चले गये है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता पुरूष एस कुमार, उम्र करीब–28 वर्ष, पे0–बैजनाथ राम, सा0–सरोईखुर्द, थाना रंका, जिला–गढवा, का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– एस कुमार
रंग–हल्का सावला,
पहनावा–ब्लू रंग का जिन्स एवं ब्लू रंग का चेकदार सर्ट,
कद– करीब 5 फीट 3 इंच।
मो0न0–9931012932


निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।
PR 309527 (Police) 23-24 (D)

**उपायुक्त-सह-**
**जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय लोहरदगा**
**(समाज कल्याण)**
**सूचना**

वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में निःशक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र एवं उपकरण एवम् वित्तीय वर्ष–2022–23 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी उर्त्तीण होने वाली तथा बैंचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने विज्ञापन संख्या–PR-307871 Lohardaga (2023-24)_D को अपरिहार्य कारणों से रद् किया जाता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा
PR 309602 (Lohardaga)23-24*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय ,चतरा**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना**
नाम :– अनिता देवी उम्र–35 वर्ष, रंग–सांवली, लम्बाई :– 5 फिट करीब, भाषा :– हिन्दी एवं खोरठा।



उपरोक्त गुमशुदगी अनिता देवी उम्र–35 वर्ष पति–सुनिल कुमार, सा0–नावाटांड शिला ओ0पी0, थाना–सिमरिया, जिला–चतरा जो दिनांक–02.10.2023 से लापता है जिसके संबंध में शिला ओ0पी0 दैनिकी सं0–07/23 दिनांक–04.10.2023 दर्ज किया गया है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि गुमशुदगी अनिता देवी के बारे में कोई जानकारी मिलने पर इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक का कार्यालय चतरा में निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्र्पक कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा – 9431706359
पुलिस उपाधीक्षक(मु0) – 9431706360
शिला ओ0पी0 प्रभारी – 8340339417

पुलिस अधीक्षक,
चतरा
PR 309528 Police(23-24)#D

**न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

बासगीत पर्चा अपील वाद संख्या–100/2023
नोटिस
बनाम्

1. तपेश्वर साव, पिता– स्व0 सरबी साव
   ग्राम–जशपुर, विवेकानन्द कॉलोनी, वार्ड नं0–9, राज्य–छतिसगढ़।
2. हरिद्वार साव व विरेन्द्र साव, पिता–स्व0 सरबी साव,
   ग्राम–जशपुर, विवेकानन्द कॉलोनी, बाजार टांड़, राज्य–छतिसगढ़।

:– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में आवेदक रामजी साव वगैरह द्वारा बासगीत पर्चा अपील वाद दायर किया गया है, जिसमें दिनांक 17.10.2023 को सुनवाई के क्रम में आपलोग अनुपस्थित पाये गये है।

अतएव आपलोगो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2023 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा,
लातेहार।
PR 309585 District(23-24)D

**न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

राजसात वाद संख्या–76/2023
नोटिस
बनाम्

श्री विनित कुमार, वर्तमान पता– **C/o-Rahul Kumar Ward No.-7, Barbil Dist.-Kendujhar, State-Odisha Pin-758035**
स्थाई पता–**Vill-Dhangar Toli P.o.-Chatra+P.S.+Dist.-Chatra.**
:– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में बालुमाथ थाना काण्ड संख्या–232/2022 दिनांक 13.12.2022 में जप्त हाईवा रजि0 नं0–OD09P-3445 चेसीस नं0–MAT783017M1E12145 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। इस न्यायालय से नोटिस निर्गत होने के बावजूद भी आप अनुपस्थित है।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार।
PR 309587 District(23-24)D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-07 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : छठा दिन

### मां कात्यायनी



**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी॥**

**ध्यान मंत्र :** जिनका हाथ उज्जवल चंद्रहास (तलवार) से सुशोभित होता है तथा सिंहप्रवर जिनका वाहन है, वे दानव संहारिणी दुर्गा देवी कात्यायनी मंगल प्रदान करें।

## एक बच्चा समेत 16 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू

### पुलिस ने अब तक 7 मानव तस्करों किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस ने दिल्ली समेत अन्य महानगरों में छापेमारी कर एक बच्चा समेत 16 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया, जिन्हें बहला-फुसला कर और रुपयों का लालच देकर काम देने के बहाने महानगरों में मानव तस्कर ले गये थे। मामले में पुलिस ने कुल सात मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से छह को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सातवां मानव तस्कर गोपी चंद महतो उर्फ गोपाल उर्फ गोपी, पिता जगनारायण महतो जिला गुमला को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वर्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किये गये बच्चे व बच्चियों में अधिकांश लातेहार व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के हैं। सभी आदिम जनजाति समुदाय से ताल्लुकात रखते हैं। गिरफ्तार मानव तस्करों में गोपी चंद महतो उर्फ गोपाल, अनिमा नेगशिया पति विकास नगेशिया (चटकपुर, महुआडांड़, लातेहार), सतेंद्र नगेशिया पिता स्व रघु नगेशिया (सिमार, ओरसापाट, महुआडांड), मनोज प्रसाद उर्फ मनोज जायसवाल (ओरसा, महुआडांड), सुनीता मुरमूरीन उर्फ सुनीता मुंडा पति ब्रजकिशार सिंह (गलयटोली, कोलेबिरा, सिमडेगा), संदीप कुमार पिता मुन्ना बड़ाईक (ओरसा, महुआडांड़) व विकास नगेशिया पिता भोदो बरवा उर्फ चायो नगेशिया (टंडरावली, मनोहरपुर, चाईबासा) शामिल हैं। इनमें सुनीता मुरमुरीन उर्फ सुनीता मुंडा वर्तमान में शिवाजी एंक्लेब, रजौरी गार्डन दिल्ली में रहती है।

**मानव तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा : एसपी**

पुलिस अधीक्षक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड, पंच मंदिर पूजा पंडाल, हरमू का अनावरण किया और देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि और शांति की कामना की।

## गागर में सागर

### पति पर इतना बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करना पति का नैतिक दायित्व है लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवन शैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये। दरअसल, धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।इसपर हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी ने दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया और वैवाहिक घर छोड़कर माता-पिता के साथ रहने लगी। पत्नी ने आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता एक आर्थिक रूप से समृद्ध व्यवसायी, कोयला और कोक विनिर्माण संयंत्रों सहित कई स्त्रोतों से पर्याप्त आय अर्जित करता है और उसकी कुल मासिक आय 12.5 लाख रुपये होने का अनुमान है। इसके बाद धनबाद फैमिली कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि पति पत्नी को 40 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण) दे।

### ईडी कोर्ट से मानव तस्करी व मनी लांड्रिंग के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी कोर्ट ने गुरुवार को मानव तस्करी कर करोड़ों रुपये की मनी लांड्रिंग करने के मामले में किंगपिन पन्ना लाल महतो की पत्नी और भाई को जमानत देने से इंकार कर दिया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता कुमारी और भाई शिव शंकर गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व छह अक्टूबर को जमानत याचिका दायर की गयी थी। फिलहाल दोनों जेल में बंद हैं। पन्ना लाल और उसके सहयोगियों के साथ उसकी पत्नी और भाई पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीब, कमजोर और नाबालिगों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है।

### एडीजी अभियान आज करेंगे अदालतों की सुरक्षा की समीक्षा

**रांची।** जिले के एसपी के साथ एडीजी अभियान शुक्रवार को अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक दिन के 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। इसे लेकर सभी जिले के एसएसपी और एसपी को भाग लेने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बीते पांच सितंबर को झारखंड के सभी कोर्ट और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर राज्य के डीजीपी अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर कोर्ट में कार्यरत एक पेशकार पर हुए हमले के बाद हाई कोर्ट ने झारखंड पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी। छुट्टी के दिन भी हाईकोर्ट की बेंच बैठी थी और उसमें राज्य के डीजीपी और गृह सचिव को तलब किया गया था। डीजीपी ने हाई कोर्ट को बताया था कि वह सभी न्यायालय परिसर की सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसे वे एक सप्ताह के भीतर न्यायालय को समर्पित करेंगे। न्यायालयों की सुरक्षा खामियों को जल्द दूर कर लिया जाएगा।

### रमेश मुंडा हत्याकांड के आरोपी राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मंत्री रमेश मुंडा हत्याकांड के आरोपित राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व राजा पीटर की जमानत याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद एनआईए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने अदालत के समक्ष अपने बचाव में बहस कराते हुए कहा था कि इस पूरे मामले में वह निर्दोष है जबकि एनआईए के अधिवक्ता ने बहस में कहा था कि इस हत्याकांड में राजा पीटर की संलिप्तता है। इसलिए उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। राजा पीटर ने अदालत में 31 जुलाई को जमानत याचिका दाखिल की थी।

## रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल के बीच हुआ समझौता, सीएम बोले

# राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बना रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया।

**सरकार गठन के साथ हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े।

**45 वर्षों के सब लीज पर दी जा रही जमीन :** रांची के घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ 04 सितंबर, 2014 को करारनामा किया गया था लेकिन उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए रांची स्मार्ट सिटी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सकेंगे। यहां रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### 15 नवंबर को अस्पताल का भूमि पूजन करने का निर्देश, पहले चरण में ओपीडी की होगी शुरूआत

मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करें। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकल कमी भी झारखंड के होंगे , जबकि विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी।

## शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी गिरफ्तार

▸▸ **शराब नीति से जुड़े ईसीआईआर में गिरफ्तारी**

▸▸ **23 अगस्त को ईडी ने योगेंद्र व उनके सहयोगियों के 32 ठिकानों पर की थी छापेमारी**

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले के जरिए मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार शाम 7.20 बजे गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी व सहयोगियों के 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। राज्य में साल 2021 में लागू हुई थोक शराब नीति के मामले में दर्ज ईसीआईआर में ईडी ने पहली गिरफ्तारी की है। योगेंद्र तिवारी के खिलाफ शराब घोटाले के साथ साथ देवघर में राय बंगला की जमीन खरीद में गड़बड़ी और बालू के कारोबार के निवेश की भी जांच ईडी ने की है। ईडी ने जांच में पाया है कि बालू, जमीन, कोयला तस्करी से अर्जित अवैध कमायी का निवेश भी शराब कारोबार में किया गया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार करने के पहले गुरुवार को पूरे दिन पूछताछ की थी। इससे पहले बुधवार को भी एजेंसी के रांची जोनल कार्यालय में ईडी ने योगेंद्र तिवारी से पूछताछ किया था।

### कई बड़े नाम हैं शराब कारोबार में शामिल

ईडी ने जांच में पाया है कि शराब के थोक कारोबार में कई बड़े लोग योगेंद्र तिवारी के पार्टनर रहे हैं। राज्य सरकार के मंत्री, राजनेताओं और अफसरों को भी घूसखोरी की बात ईडी ने जांच में पायी है। ऐसे में आने वाले दिनों में ईडी बड़े नामों पर शिकंजा कस सकती है। ईडी ने 23 अगस्त को जब शराब घोटाले में छापेमारी की थी, तब राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित प्रियदर्शी उरांव, भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी व उनके बेटे के यहां भी छापेमारी की थी। ईडी ने जांच में पाया है कि इन लोगों के अलावे राज्य के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के एक विधायक, कोयलांचल के विधायक भी योगेंद्र के सिंडिकेट का हिस्सा थे।

ईडी ने जांच में पाया है कि सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के साथ मिलकर योगेंद्र तिवारी ने शराब कारोबार हासिल करने का मॉड्स तैयार किया था। साल 2021 में शराब की थोक कारोबार की नीति लागू होने के बाद योगेंद्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के खिलाड़ी बनेंगे पीजीटी शिक्षक जेएसएससी जल्द निकालेगा रिजल्ट

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण के प्रावधान किए हैं। जिसके तहत जल्द ही कई खिलाड़ी पीजीटी शिक्षक के रुप में दिखाई पड़ेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद इसके रिजल्ट को अंतिम रुप देने की तैयारी की जा रही है। राज्य के प्लस टू स्कूलों में बहाल होने वाले विभिन्न विषयों के करीब 3,120 शिक्षकों की बहाली होगी, जिसमें 55 खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यदि इन पदों पर सरकारी प्रावधान के अनुरूप योग्य खिलाड़ी मिल जाते हैं तो इनका चयन का रास्ता साफ हो जायेगा। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार राज्य में दिसंबर तक पीजीटी सहित विभिन्न पदों पर करीब 35 हजार नियुक्ति की जायेगी। इन रिक्तियों में खिलाड़ियों के लिए कोटा भी निर्धारित है।

**खिलाड़ियों के लिए ये हैं अहर्ता :** पीजीटी शिक्षक बनने के लिए खिलाड़ियों के लिए जो झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा अहर्ता निर्धारित की गई है उसके तहत शैक्षणिक योग्यता के अलावे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी अथवा उनसे संबंधित फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी या भारतीय ओलंपिक संघ अथवा उससे संबद्ध फेडरेशनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विश्व रिकार्ड बनाने वाले खिलाड़ी को ही आरक्षण कोटा का लाभ मिल सकेगा।

### अवैध खनन के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को अवैध खनन मामले के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व 13 अक्टूबर को मामले में सुनवाई हुई थी। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।

## झारखंड में सात आईएएस अधिकारियों का तबादला

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के सात अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

**कौन कहां गए**

| | |
|---|---|
| कमलेश्वर प्रसाद सिंह | - विशेष सचिव, कृषि विभाग प्रबंध निदेशक झारखंड मार्केटिंग बोर्ड |
| अनिल कुमार सिंह, उपनगर आयुक्त, चास | - विशेष सचिव, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग |
| अनिल कुमार, प्रतीक्षारत | - अपर सचिव, खाद्य व आपूर्ति विभाग |
| सौरव कुमार भुवानिया, एसडीओ, महगामा | - अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम |
| जावेद हुसैन, एसडीओ, रामगढ़ | - नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम |
| आलोक कुमार, एसडीओ, बंशीधर नगर | - अपर नगर आयुक्त सरायकेला आदित्यपुर नगर निगम |
| रवि जैन, एसडीओ, गुमला | - एसडीओ, साहिबगंज |
| राजेश कुमार, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी | - अपर सचिव, पर्यटन विभाग |
| विशाल कुमार, रामगढ | - कृषि निदेशालय |
| श्वेता वैध | - अपर सचिव, नगर एवं आवास विभाग |

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**भारत - 261/3 ( 41.3 ओवर)**

**बांगलादेश -256/8 (50 ओवर)**

**आज का मैच**

**ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान बेंगलुरु (2 बजे से)**

## रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाकर भाजपा नेतृत्व ने साधे कई मकसद

# बाबूलाल मरांडी का बढ़ा सियासी कद

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाकर केंद्र की भाजपा सरकार ने एक साथ कई मकसद साधने की कोशिश की है। यह एक तरफ झारखंड की सक्रिय राजनीति से उनकी विदाई है, तो दूसरी तरफ लंबे समय तक पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा का इनाम भी है।

इस फैसले का सबसे बड़ा मकसद है- झारखंड भाजपा के नए मुखिया बाबूलाल मरांडी को झारखंड में पार्टी के लिए खुलकर बैटिंग करने के लिए मनोनुकूल पिच उपलब्ध कराना।

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा गठबंधन की सरकार पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई थी। इस पराजय के बाद भी रघुवर दास झारखंड भाजपा के लिए अहम फैक्टर बने हुए थे। इसकी वजह यह थी कि वह लंबे समय तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, कई टर्म मंत्री और फिर पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री रहे। वह राज्य भाजपा में वैश्य और ओबीसी राजनीति का सशक्त चेहरा माने जाते रहे हैं। सीएम की कुर्सी छिनने के बाद पार्टी ने उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी दी। उन्हें लगातार दो बार पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। लेकिन, भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व 2019 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद यह बात भी समझ चुका था कि पार्टी को अगर झारखंड की सत्ता में लौटना है तो आदिवासी चेहरे के हाथ में नेतृत्व की कमान सौंपनी होगी। दरअसल, रघुवर दास की अगुवाई वाली सरकार के सत्ता से बेदखल होने की सबसे प्रमुख वजह राज्य में आदिवासी सीटों पर पार्टी की पराजय थी। राज्य में 28 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं, जिनमें से 26 सीटों पर भाजपा को शिकस्त खानी पड़ी थी। लिहाजा, भाजपा ने 2019 के चुनावी नतीजों के तुरंत बाद बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का विलय कराया और उन्हें पार्टी विधायक दल के नेता का अहम दायित्व सौंपा। यह और बात है कि दलबदल से जुड़े कानून को ढाल बनाकर उन्हें विधानसभा के स्पीकर ने कभी इस रूप में मान्यता नहीं दी और न ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया। हाल में बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मरांडी के सामने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राजधानी में अपराधियों का उत्पात इटकी में तीन लोगों को मारी गोली

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए इटकी इलाके में अपराधियों से तीन लोगों को गोली मार दी है। जानकारी के अनुसार इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में तीन युवकों दीपक सिंह ,भोमा सिंह और नरेश नाम के युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मार दी। बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबारी है।तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पंडरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि दीपक सिंह शिव सेना से जुड़े हुए हैं।

**तीन बाइक पर सवार थे हमलावर :** मिली जानकारी के अनुसार इटकी के गड़गांव के रहने वाले दीपक और भोमा सिंह इटकी के भंडरा निवासी नरेश के साथ गड़गांव चौक के पास एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे । इसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधी मौके पर पहुचे और दीपक ,भोमा और नरेश को निशाना बना कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग की ,जिसमे दीपक के पेट के पास ,भोमा के कान के पास और नरेश के पेट में गोली लगी है।फायरिंग के बाद स्थानीय लोग को अपनी और आते देख सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने अपराधियों को कुछ देर दौड़ाया भी लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गए।

## गागर में सागर

### श्री बंशीधर नगर में माता की भव्य आरती में शामिल हुए पूर्व विधायक



**श्री बंशीधर नगर।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा भवानी की भव्य आरती की गई। सब्जी बाजार के प्रांगण में जय भामा शाह क्लब द्वारा एकम से प्रत्येक दिन संध्या समय भव्य आरती हो रही है। बुधवार की शाम आरती में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी शामिल हुये। क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रजनी कांत मधुर ( भोलू) ने बताया बताया कि क्लब द्वारा भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल, फुल, लाइटिंग द्वारा सजावट की जायेगी। एकम से महा आरती संध्या समय प्रतिदिन, नवमी को कन्या पूजन के बाद महा भंडारा तथा दशहरा के दिन भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। आरती में क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, बिरेंद्र अग्रहरि, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डु, अशीष कुमार सोनू, अशीष गुप्ता, संतोष कुमार, विकास कुमार शालू, चंदन गुप्ता अध्यक्ष, रजनीकांत मधुर (भोलू) उपाध्यक्ष , अजित कुमार केशरी, सूरज गुप्ता, नित्यानंद कुमार, अनिल मेहता क दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता अमित अग्रेहरी, दिनेश गुप्ता, अविनाश, सत्य प्रकाश आदि शामिल थे।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट के मामले में 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**डंडई।** भूमि विवाद मामले में 8 लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। डंडई निवासी राम प्रवेश राम के लिखित आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने उक्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि दूसरे पक्ष से भी आवेदन दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष के आवेदन के आलोक किसी भी तरह की करवाई नहीं हो सकी थी। मालूम हो कि डंडई बाजार स्थित वॉटरवेज के समीप गुमटी रखने को लेकर मीना कुंवर, रामप्रवेश राम व उनके बेटा और बेटी के साथ भगवानदास वगैरह लोगों के बीच मंगलवार को मारपीट की गई थी। उक्त घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### राज्यपाल बनाए जाने पर रघुवर दास को भाजपा नेताओं ने बधाई दी

**खरौंधी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने बताया कि उनके अनुभव का लाभ ओडिशा वासियों को मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, बिनोद चौधरी, भाजपा नेता बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, अरुण सिंह, रामचंद्र सिंह, विनोद सिंह, सतेंद्र यादव, सुशील यादव, विकास सिंह, सुनील द्विवेदी, कलामुद्दीन अंसारी, अमित रंजन आदि ने रघुवर दास को बधाई दी है।

### भाजपा नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को मिलकर दी बधाई



**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी को नेता प्रतिपक्ष झारखंड विधानसभा बनाये जाने के बाद भाजपा नेताओं ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी। भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी मुलाकात की तथा दोनों नेताओं को नगर उंटारी में जीयर स्वामी महाराज द्वारा कराये जा रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता मौजूद थे।

### गढ़देवी मंदिर का बनेगा भव्य तोरण द्वार, शौचालय व स्नानागार की भी होगी व्यवस्था, मंत्री ने किया भूमि पूजन

# ‘हमें मिलकर आसुरी शक्तियों को करना होगा समाप्त’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा स्थित मां गढ़देवी मंदिर का भव्य तोरणद्वार का पुनर्निर्माण किया जाएगा। साथ ही शौचालय और स्नानागार का भी निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री ने टंडवा में नवनिर्मित गोरेया स्थान मंदिर व आयोजित भंडारा का फीता काटकर व पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां गढ़देवी गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हमेशा खुशहाल रखें। आज मां गढ़देवी के आशीर्वाद से ही गढ़वा का नवनिर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एकता के सूत्र में बंधें, तभी पूरे समाज का बेहतर तरीके से विकास होगा। यही नवरात्रि पर सच्ची भक्ति होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए शौचालय एवं स्नानागार की काफी आवश्यकता थी। मां गढ़देवी का जिस तरह से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह वे भव्य तोरणद्वार का भी पुनर्निर्माण करायेंगे। दशहरा के बाद कार्य प्रारंभ हो जाएगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत तथा आसुरी शक्तियां के नाश का प्रतीक त्योहार है। हम सभी को मिलकर समाज से आसुरी शक्तियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम सभी गढ़वा वासियों ने गढ़वा को बदलने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मंत्री ने कहा कि हम सभी को मूल उद्देश्य से भटकना नहीं चाहिए। सभी को मिलकर समाज से जाति, धर्म, ऊंच नीच के भेदभाव, समाज में फैली बुराइयों को मिटाना होगा, तभी माता रानी प्रसन्न होंगी। मंत्री ने कहा कि टंडवा गोरेया स्थान में विवाह मंडप बनाने का प्रस्ताव आया है। इस पर वे विचार कर उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, विनोद जायसवाल, दिलीप गुप्ता, अजय केशरी, देवेंद्र सिंह, दिव्य प्रकाश केशरी, मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के सभी पदाधिकारी, टंडवा में आयोजित कार्यक्रम में दौलत सोनी, मंटू गुप्ता, अंतु दास, जितेंद्र सिन्हा, सुनीता देवी, सुनील कुमार, संजय चौधरी, चंदन पासवान, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद थे।

### टंडवा में गोरया स्थान मंदिर का मंत्री ने किया उद्घाटन



## मंत्री ने सरस्वती नदी पर नवनिर्मित पुल का किया उद्घाटन, टंडवा में दानरो नदी पर भी बनेगा नया पुल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वती नदी पर नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने इस पुल का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वा शहर को जाम से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। किसी को भी कार्य को करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। सिर्फ झूठ और फरेब के बल पर जनता को ठगने से कोई काम नहीं होता है। मंत्री ने कहा कि वर्षों से यह पुल, बस स्टैंड, टाउन हॉल काफी जर्जर हो चुका था। पूर्व के जनप्रतिनिधि ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। चुनाव जीतने के बाद जब उन्होंने सर्वे कराया तब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 2400 किलोमीटर कच्ची सड़क थी। आज पूरे गढ़वा में एक हजार किलोमीटर पक्की सड़क बन रही है। इनमें कुछ का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ का टेंडर हो चुका है। कहा कि गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे, हर कदम पर विकास की नई किरण दिखेगी।

मंत्री ने कहा कि टंडवा में दानरो नदी पर स्थित पुल काफी जर्जर हो चुका है। वहां भी इसी वितीय वर्ष में नये पुल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता अगर उन्हें अपना प्रतिनिधि नहीं बनाती तो आज गढ़वा में बाईपास भी देखने को नहीं मिलता। उनके अथक प्रयास से ही काफी तेज गति से बाईपास का निर्माण हो रहा है। पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों ने एनएचएआई को पत्र प्रेषित कर शंखा से खजुरी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण करने का प्रस्ताव भेजा है। इसके हो जाने से गढ़वा में भी डिवाइडर के साथ सड़क चौड़ी हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि 2024 के अंत तक गढ़वा इस स्थिति में पहुंच जाएगा कि बाहर के लोग यहां विकास कार्य देखने आयेंगे। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, दिलीप गुप्ता, देवेंद्र सिंह, दिव्य प्रकाश केशरी, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद, छुन्नु कुरैशी, पुनम कांस्यकार, संवेदक छटन तिवारी, बबलू दूबे, अजय केशरी, विजय केशरी, नीलू खान आदि मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग, 1 लाख का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी विजय कुमार भारती के घर में बुधवार की शाम गैस सिलेंडर लीक होने के कारण लगी आग से एक लाख का सामान जलकर राख हो गया। विजय कुमार भारती ने बताया कि बुधवार की शाम में उसकी पत्नी खाना बना रही थी। इस दौरान गैस लीक हो जाने से आग पकड़ ली।

ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन काफी देर मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। परिजनों ने बताया कि घर में रखे पलंग, सिलाई मशीन, चावल, गेहूं सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के प्रयास में मैं भी काफी झुलस गया। जख्मी होने के बाद गांव के लोगों के द्वारा डॉ सिद्धनाथ प्रसाद के यहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना की सूचना पाकर जिपस पति प्रमोद कुमार, कुंबा पंचायत के मुखिया विवेक कुमार ने घटना स्थल का जायजा लिया।

### जिपस पति और कुंबा पंचायत के मुखिया विवेक ने लिया घटनास्थल का जायजा

## दिल में बसते हैं गढ़वा के लोग : महेश्वरम

### सदर अनुमंडल पदाधिकारी के स्थानांतरण पर सम्मान सह विदाई समारोह हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



शहर के चिनिय रोड स्थित होटल रॉयल पद्मावती के सभागार में गुरुवार को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ एवं गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में सदर अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के स्थानांतरण पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में राज महेश्वरम ने कहा कि गढ़वा के लोग उनके दिलों में बसते हैं। यहां लोगों से उन्हें जो सम्मान और प्यार मिला है उसे वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि जितना समय मिला उसमें खेल के क्षेत्र में हो या सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का प्रयास किया। सभी के सहयोग से बहुत सारा आयोजन सफल भी रहा, जो गढ़वा में पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो दोबारा वह खेल के क्षेत्र में गढ़वा को नंबर वन पर लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है, जिसमें सभी को एक दिन इससे गुजरना पड़ता है।

ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक में कहा कि राज महेश्वरम के निर्देशन में यहां विभिन्न खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वह हमेशा खेल को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहते थे। जब भी किसी भी प्रकार की समस्या होती तुरंत उसके समाधान के लिए हुए निकल पड़ते थे। उनका मार्गदर्शन हम सभी को हमेशा मिलता रहेगा। ऐसा उम्मीद करते हैं कि पुनः गढ़वा में उच्च पदाधिकारी बनकर वापस लौटेंगे। ओलंपिक संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि राज महेश्वरम का खेल के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। वे खेल के क्षेत्र में जिले को नंबर एक बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वह हम सबों के दिलों में बसे हुए। उनका कार्य हमेशा याद रहेगा। क्रिकेट संघ सचिन राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि राज महेश्वरम अधिकारी के साथ-साथ सुलझे हुए इंसान हैं। संघ के अध्यक्ष के नाते वे हमेशा सहयोग करते रहे हैं। गढवा से उनका लगाव लगा रहेगा क्योंकि वह क्रिकेट संघ के स्थायी अध्यक्ष भी हैं। उनका यहां आना जाना लगा रहेगा। एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव सुशील तिवारी ने कहा कि राज महेश्वरम के मार्गदर्शन में जिले में क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता, अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता, क्रिकेट संघ की एजीएम सफलतापूर्वक संपन्न हुई। फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष जगन्नाथ राम ने कहा कि जिले में जो भी आयोजन हुए उनमें राज महेश्वरम का अहम योगदान रहा। वह हमेशा एक अभिभावक के तौर पर हम सबों के बीच खड़े रहते थे। कार्यक्रम का संचालन फुटबॉल संघ के सह सचिव अरविंद कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार विनय पांडेय ने किया। इस मौके पर प्रमोद तिवारी उर्फ गुड्डु तिवारी राजेश पांडेय, विकास पांडेय, उपेंद्र राम, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, विवेक सिन्हा, अभय कांत, सिकंदर प्रजापति, प्रियंका कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवरात्र को लेकर बड़गड़ में भक्तिमय माहौल 75 साल से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा महोत्सव कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो चुका है। दस दिवसीय पूजा महोत्सव के प्रारंभ होते ही मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। इस वर्ष बड़गड़ में दुर्गा पूजा महोत्सव का 75वां आयोजन किया जा रहा है। पूजा समारोह को सफल बनाने में युवा संघ के सदस्य मनीष गुप्ता, राहुल गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, मोहित दास, अनुप राज, अंकित जयसवाल, अर्पित गुप्ता, अभय ठाकुर, राजू रंजन सोनी, भास्कर सोनी, समीर राज, अतुल कुमार, प्रिंस कुमार, विशाल सोनी, कौशल कुमार पूरे आस्था के साथ कार्यों के संपादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। दस दिवसीय पूजा महोत्सव अब से 75 वर्ष पूर्व बड़गड़ में पहली बार



बाजार टांड़ के सनातनी व्यवसायी वर्ग के लोगों ने दुर्गा पूजा मनाया था। जिसमें हिंदू धर्म के लोगों के अलावा इसाई एवं मुस्लिम धर्म के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर सहयोग किया था। जब यहां दुर्गा पूजा समारोह पहली बार मनाया जा रहा था तब गांव के ही रहने वाले स्वर्गीय मानकी साव ने खुद अपने हाथों से माता की प्रतिमा का निर्माण किया था। उस वक्त के पूजा समिति में गांव के पूर्वज भूतपूर्व मुखिया स्व राम सकल साव के नेतृत्व में स्व धनुषधारी साव, स्व राधा प्रसाद जयसवाल, स्व जगदीश प्रसाद जयसवाल, स्व नारायण साव, स्व रामचंद्र साव, स्व बाबूलाल साव, स्व रामवृक्ष सोनी, त्रिवेणी साव, स्व रघु साव, स्व कौलेश्वर साव, स्व बजन साव, स्व नन्हकू साव, स्व रामजी साव केसरी, स्व शंकर साव, स्व छेदी साव, स्व रघुनी पाल, स्व प्रभु ठाकुर, स्व चलितर साव, स्व विश्वनाथ साव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गांव के पूर्वजों ने लकड़ी का मड़ई बनाकर मुख्यालय में सर्वप्रथम मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की थी। उस वक्त मुटकी गांव निवासी आचार्य सुमंत शुक्ला ने विधि विधान पूर्वक नवरात्र पाठ एवं पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया था। कलाकारों द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे।

## एक से डेढ़ माह ही चल पाया जलमीनार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

लाखों रुपये की लागत से बना जल मीनार ग्रामीणों के लिए हाथी का दांत बन चुका है। साथ ही यह नगर प्रशासन व पदाधिकारियों को ठेंगा दिखा रहा है। सरकार लोगों की मूल भुत सुविधाएं कपड़ा पानी और मकान उपलब्ध कराने को तत्पर है, लेकिन भ्रष्टचार में लिप्त पदाधिकारियो व संवेदकों की मिलीभगत से सरकारी योजनाएं दम तोड़ती जा रही हैं। मामला नगर पंचायत क्षेत्र श्री बंशीधर नगर के वार्ड 6 के मुख्य पथ भवनाथपुर पर स्थित ब्लॉक मोड़ पर लगाया गया जल मीनार का है। लगभग छह महीने पहले 6 लाख 89 हजार रुपये की लागत से वार्ड 6 के ब्लॉक मोड़ पर ग्रामीणों को शुद्ध



पानी की आपूर्ति के लिए जल मीनार नगर पंचायत की तरफ से लगवाया गया था, लेकिन जल मीनार गरीब ग्रामीणों के लिए लोहे का ढांचा मात्र बन कर रह गया है। ग्रामीण जुगेश उरांव, अनिल चंद्रवंसी, उदय उरांव, बलराम उरांव, बबलू, अरुण उरांव, महेंद्र ठाकुर, सिराजुदीन अंसारी, छोटू उरांव, विजय उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार लगने के मात्र एक से डेढ़ महीने ही चला। उसके बाद से बंद हो गया। फिर इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है, जबकि जल मीनार लगवाने वाली संस्था की जल मीनार लगवाने के बाद पांच वर्ष तक मेंटेनेंस की जिम्मेवारी होती है। इधर नगर प्रशासन द्वारा बनवाने की बात तो की जाती है, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी जल मीनार पुनः चल नहीं पाया। वहीं संवेदक जलमीनार को बनवाने से सीधे-सीधे मना कर देता है। इस संबंध में नगर प्रबंधक रवि कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस बाबत मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। आपके से सूचना मिली है तो उस जल मीनार को जल्द- जल्द से बनवा दिया जाएगा।

## धर्म-कर्म

### जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता : जीयर स्वामी

# भाव न हो तो साधन का कोई विशेष मूल्य नहीं : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि जिसका जैसा भाव होता है, उसको वैसा ही फल मिलता है। सफेद कपड़े में थोड़ी भी स्याही का दाग पड़ने से वह दाग बहुत स्पष्ट दिखता है, उसी प्रकार पवित्र मनुष्यों का थोड़ा सा दोष भी अधिक दिखलायी देता है। जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता। जब भगवान के आश्रित हो रहे हो तो यह न हुआ, वह न हुआ आदि चिंताओं में मत पड़ो, विश्वासी भक्त आजीवन भगवान का दर्शन न मिलकर भी भगवान को नहीं छोड़ता। संसार कच्चा कुआं है। इसके किनारे पर खूब सावधानी से खड़े होना चाहिये। तनिक असावधान होते ही कुएं में गिर पड़ोगे, तब निकलना कठिन हो जायेगा। संसारी ! तुम संसार का सब काम करो; किंतु मन हर घड़ी संसार से विमुख रखो, कामिनी और कञ्चन ही माया है। इनके आकर्षण में पड़ने पर जीव की सब स्वाधीनता चली जाती है। इनके मोह के कारण ही जीव भव-बंधन में पड़ जाता है। संसार में रहने से सुख-दुःख रहेगा ही। ईश्वर की बात अलग है और उसके चरण कमल में मन लगाना और है। दुःखके हाथ से छुटकारा पाने का और कोई उपाय है नहीं। साधु-संग करने से जीव का मायारूपी नशा उतर जाता है। भगवान का भजन ही जीवन का सुफल है। सुगम मार्ग से चलो और सुखसे राम-कृष्ण-हरिनाम लेते चलो। वैकुंठ का यही अच्छा है और समीप का रास्ता जिससे भगवत प्रेम उदय होता है वही संग संग है, बाकी तो नरक निवास। संतों के द्वार पर श्वान होकर पड़े रहना भी बड़ा भाग्य है, क्योंकि वहां प्रसाद मिलता है और भगवान का गुणगान सुनने में आता है। कीर्तन का



अधिकार सबको है, इसमें वर्ण या आश्रम का भेद-भाव नहीं। कीर्तन से शरीर हरिरूप हो जाता है। प्रेम छंद से नाचो डोलो। इससे देहभाव मिट जायेगा। हरिकीर्तन में भगवान, भक्त और नामका त्रिवेणी संगम होता है। प्रेमी भक्त प्रेम से जहां हरिगुण-गान करते हैं। भगवान वहां रहते ही हैं तो कीर्तन से संसार का दुःख दूर होता है। कीर्तन संसार के चारों ओर आनंद की प्राचीर खड़ी कर देता है और सारा संसार महासुखसे भर जाता है। कीर्तन से विश्व धवलित होता और वैकुंठ पृथ्वी पर आता है। भगवान के वचन हैं – मेरे भक्त जहां प्रेम से मेरा नाम संकीर्तन करते हैं, वहां तो मैं रहता ही हूं – मैं और कहीं न मिलूं तो मुझे वहीं ढूंढ़ो। तेरा कीर्तन छोड़ मैं और कोई काम न करूंगा। लज्जा छोड़कर तेरे रंग में नाचूंगा। कीर्तन का विक्रय महान मूर्खता है। वाणी ऐसी निकले कि हरि की मूर्ति और हरि का प्रेम चित्त में बैठ जाय। वैराग्य के साधन बतावें, भक्ति और प्रेम के सिवा अन्य व्यर्थ की बातें कथा में न कहें। कीर्तन करते हुए हृदय खोलकर कीर्तन करें, कुछ छिपाकर-चुराकर न रखें। कीर्तन करने खड़े होकर जो कोई अपनी देह चुरावेगा, उसके बराबर मूर्ख और कौन हो सकता है। स्वांग से हृदयस्थ नारायण नहीं ठगे जाते। निर्मल भाव ही साधन-वन का बसंत है। भगवान भावुकों के हाथपर दिखायी देते हैं, पर जो अपनेको बुद्धिमान मानते हैं, वह मर जाते हैं तो भी भगवान का पता नहीं पाते। ज्ञान के नेत्र खुलने से ग्रंथ समझ में आता है। उसका रहस्य खुलता है, पर भाव के बिना ज्ञान अपना नहीं होता। भावके नेत्र जहां खुले वहीं सारा विश्व कुछ निराला ही दिखायी देने लगता है। भगवान से मिलन होने के लिये भाव आवश्यक है। चित्त यदि भगवच्चिन्तन में रंग जाय तो वह चित्त ही चैतन्य हो जाता है, पर चित्त शुद्ध भाव से रंग जाय तब जैसा भाव वैसा फल। भगवान के सामने और कोई बल नहीं चलता। पत्थर की ही सीढ़ी और पत्थर की ही देव-प्रतिमा, परंतु एक पर हम पैर रखते हैं और दूसरे की पूजा करते हैं। भाव ही भगवान हैं। गंगा-जल जल नहीं है, बड़-पीपल वृक्ष नहीं हैं, तुलसी और रुद्राक्ष माला नहीं है, ये सब भगवान के श्रेष्ठ शरीर हैं। भाव न हो तो साधन का कोई विशेष मूल्य नहीं।

## नवरात्र : हजारों लोग प्रत्येक दिन भंडारे में हो रहे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



बरवाडीह पंचायत मुख्यालय में पूजा स्थल पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के नेतृत्व में पूजा समिति की ओर से कोलकाता के चंडी माता मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। पंडाल में स्व. ठकुराई रामपाल सिंह की स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जहां प्रतिदिन प्रखंड के बरवाडीह बंदुआ, चिनिया, हेताडकला, जमुनियाटांड़, रंका आदि गांवों के लोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं। भंडारे में प्रत्येक दिन बदल बदल कर माता रानी को भोग लगाया जाता है। किसी दिन कढ़ी चावल, तो किसी दिन पूरी सब्जी, किसी दिन खिचड़ी, तो किसी दिन खीर पूरी। वहीं रामलीला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बेगूसराय के गौरी एंड वैष्णवी मंडली द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं शाम की आरती के बाद पंचायत की मुखिया पम्मी देवी द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रतिदिन फल वितरण किया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के बिंदु यादव रामाशंकर गुप्ता, चंद्रदेव यादव, किशोर शाह, नीतू सिंह, उमेश यादव, भोला यादव, विनोद पासवान आदि मौजूद थे।

# दुबियाखाड़ में तोरण द्वार निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को दुबियाखाड़ में राजा मेदिनीराय तोरण द्वार का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।विदित हो कि बेतला नेशनल पार्क जाने वाले मार्ग पर दुबियाखाड़ में भव्य तोरण द्वार का निर्माण किया गया था।बीते वर्ष तोरण द्वार पर ही आकाशीय बिजली गिर जाने से तोरण द्वार ध्वस्त हो चुका था । जिसे लेकर ग्रामीणों ने मनिका विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से तोरण द्वार निर्माण कराने की मांग की थी। मनिका विधायक ने संज्ञान लेते हुए गुरुवार को तोरण द्वार नव निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनीराय का यह तोरणद्वार आकर्षण का केंद्र था। इसके ध्वस्त हो जाने से यहां का स्वरूप बिगड़ गया था। उसे सजाने के लिए फिर से तोरण द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 11 और 12 फरवरी को प्रत्येक वर्ष राजा मेदिनीराय की याद में दुबियाखाड में आदिवासी कुंभ मेला का आयोजन किया जाता है, ताकि आदिवासी सांस्कृतिक व धरोहर को बचाया जा सके। इस मौके पर प्रेम सिंह, मृत्युंजय सिंह, अर्जुन सिंह, भरदुल कुमार सिंह,पूर्व मुखिया आनंद कुमार, ठकुराई सिंह, रविंद्र सिंह, अजीत सिंह, हृदया सिंह ,उमेश सिंह, छोटू विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## एनपी विवि में 24 तक अवकाश

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में दुर्गा पूजा की छुट्टियां शुरू हो गई है। यह छुट्टी 18 अक्टूबर से होकर 24 अक्टूबर तक रहेगी। यह विश्वविद्यालय 25 अक्टूबर को खुलेगा। इस छुट्टी में विश्वविद्यालय सभी कार्यालय सभी अन्य महाविद्यालय सभी मान्यता प्राप्त डिग्री कॉलेज बंद रहेंगे। 25 अक्टूबर को जब यह विश्वविद्यालय दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद खुलेगा तो यह 8 नवंबर तक खुला रहेगा। इसके सभी महाविद्यालय संबंधता प्राप्त महाविद्यालय इस इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले बेड कॉलेज 25 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पठन-पाठन और कार्यालय का निष्पादन करेंगे ।

# बाजार में सड़क को जाम मुक्त कराया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर बाजार क्षेत्र में लगे जाम को हटाया गया। बताते चलें कि बाजार क्षेत्र में सब्जी बेचने वाले और स्थानीय दुकानदार अपने सामान को सड़क पर रखकर हमेशा सड़क को जाम कर देते हैं। जिस वजह से राहगीरों को बाजार क्षेत्र में पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। जाम की समस्या को लेकर गुरुवार की दोपहर टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा अपने दल बल के साथ बाजार क्षेत्र में पहुंचकर सड़क पर लगने वाले सभी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार तक सड़क पर कोई भी दुकानदार अपना दुकान लगाकर सड़क को जाम न करें। यदि सड़क पर रखे सामान की वजह से सड़क जाम पाया गया तो सामान को जप्त कर थाना ले जाया जाएगा। बताते चलें कि अभी दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर बाजार में काफी भीड़ की समस्या उत्पन्न हो रही है। लोग पूजा पाठ की सामग्री खरीदने के लिए प्रतिदिन बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने भी शहर में जाम की समस्या को देखते हुए बाजार क्षेत्र के सभी जगहों पर ट्रैफिक पुलिस को तैनात कर दिए हैं। जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस हर तरह से तैयार हैं। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान विनोद यादव, संतन कुमार, इसरार खान, शारीक इरशाद, रामजी कुमार, चालक संजीव कुमार सहित अन्य टाइगर मोबाइल के जवान मौजूद थे।



## गागर में सागर

### आर्म्स के साथ फोटो वायरल करने वाला युवक अरेस्ट

**पाटन।** पाटन थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी बिरन साव के पुत्र दीपक कुमार साव ( 20 वर्ष ) को पुलिस ने आर्म्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दीपक ने पिस्तौल के साथ अपना फोटो फेसबुक पर वायरल किया था। जिसकी जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है।

### नीपी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति ने दी बधाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सी.पी. राधा कृष्ण के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर ए बाला गुरु सामी को इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया ने सम्मानित किया है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया एक बहुत बड़ी संस्था है। इस संस्था ने बाला गुरु सामी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया है। यह अवार्ड बाला गुरु सामी के महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया है। जो कंप्यूटर इंजीनियरिंग के लिए है। बाला गुरु सामी को, देश एक कंप्यूटर लीजेंड लीजेंड के रूप में देखा है, या अवार्ड शालेन में दिया गया। एक सादे लेकिन आकर्षक, प्रोग्राम में जो 16 अक्टूबर को सालेन में हुआ। उसी में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियर्स ऑफ इंडिया ने झारखंड कुलाधिपति के शिक्षा सलाहकार को यह अवार्ड प्रदान किया। 4,5 दशकों से बाला गुरु सामी कंप्यूटर इंजीनियरिंग में काफी नई-नई तकनीक के बारे में काम कर रहे हैं। उनके सम्मानित होने पर नीलांबर - पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों का कटेगा वेतन

# बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

**मनातू के बीईईओ व नौडीहा बाजार के बीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश**

**बच्चों का खाता खोलने, कक्षा 1 से 12 के बच्चों के बीच पुस्तक वितरण,पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, स्कूलों में रंगरोहन, खेल सामग्री वितरण आदि की समीक्षा की गई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सभी सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश दिया है। कहा है कि जो शिक्षक ऐसा नहीं करेंगे,उनका वेतन काटा जायेगा। उपायुक्त श्री रंजन गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने पर मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व नौडीहा बाजार के बीपीओ का वेतन रोकने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बच्चों का खाता खोलने, कक्षा 1 से 12 के बच्चों के बीच पुस्तक वितरण,पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्याहन भोजन, स्कूलों में रंगरोहन, खेल सामग्री वितरण आदि की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों कई शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने भी विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, समेत अन्य उपस्थित थे।

# नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू की आकांक्षा को सिल्वर मेडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगाल एथलेटिक्स एसोसिएशन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 17 से 19 अक्टूबर तक 34वीं ईस्ट जोन नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला से 5 सदस्यीय टीम आकांक्षा कुमारी, आर्या सिंह, सुहानी सिंह, शिवानी कुमारी व हेमंत कुमार ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन तक आकांक्षा कुमारी ने 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीत कर ईस्ट जोन नेशनल में पलामू का नाम अंकित कर दिया। आकांक्षा की उपलब्धि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजाद शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे , पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संरक्षक महेंद्र कुशवाहा,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ,वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मा, साइकलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार ,शूटिंग संघ के सचिव अशोक सिंह, शूटिंग संघ संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, पलामू जिला विल्याड संघ के अध्यक्ष सुनिल उपाध्याय,सचिव मनीष कुमार तिवारी, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मेहता, पलामू जिला योगा संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे , सेक्रेड हार्ट स्कूल के शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार ,कोच रेशमा पांडे,सोनी कुमारी,प्रीति कुमारी, अक्सा नाग इत्यादि बहुत सारे खेल प्रेमियों ने शुभकामना व्यक्त की है।



# पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा के साथ डांडिया की धून पर खूब झूमीं महिलायें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** शहर के गांधी उद्यान में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा द्वारा आयोजित डांडिया नाइट में बुधवार की रात पूर्व मिस इंडिया और डांडिया क्वीन सिमरन आहूजा के साथ शहर के लोग जम कर झूमे। डांडिया नाइट कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू कमिश्नर मनोज जायसवाल, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, कारोबारी ज्ञान शंकर आदि ने किया । इस मौके पर पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा के साथ सैकड़ों लोग जिसमें महिला व बच्चियों की संख्या अधिक थी जम कर झूमे और डांडिया का लुत्फ उठाया। इस दौरान सिमरन आहूजा के साथ कलाकारों की टीम भी मौजूद थी। गौरतलब हो कि पलामू के लोगों के लिए यह पहला अवसर था जब कोई सेलिब्रिटी का डांडिया कार्यक्रम आयोजित हुआ है। डांडिया नाइट में सैकड़ों की संख्या महिलाओं ने भाग लिया। सिमरन आहूजा की आवाज और उनके साथ सैकड़ों महिलाएं डांडिया की धुन पर झूम रही थी। इस अवसर पर पलामू केआयुक्त मनोज कुमार जायसवाल ने कहा कि पलामू के लोगों के लिए पहली बार सेलिब्रिटी डांडिया का आयोजन हो रहा है, जो काफी अच्छा है। डांडिया नाइट को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## ट्रैक्टर दुर्घटना में तीन बाल मजदूर समेत चार घायल



**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में बाइक को बचाने के क्रम में ईंट से लदा ट्रैक्टर पलट गई। जिसमें ड्राइवर सहित तीन नाबालिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा सभी जख्मी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए हैं। दुर्घटना में जख्मी तीनों नाबालिग मिथुन कुमार पिता लक्ष्मण भुइयां,सोनू कुमार पिता अरुण भुइयां, असियत कुमार पिता अजय भुइयां रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी इलाके के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह के इलाके में ईंट भट्टा का संचालन हो रहा था। ईंट भट्टा में नाबालिगों से कार्य लिया जा रहा था। बुधवार की रात नाबालिकों से ही ट्रैक्टर पर ईंट को लोड करवाया जा रहा था। इसी क्रम में दुर्घटना हो गई। वहीं मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने रामगढ़ थाना को सूचित किया है। डीसीपीओ प्रकाश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। ईंट लोड करने के क्रम में तीन बच्चे जख्मी हुए हैं। ईंट भट्ठा संचालक का नाम अख्तर अंसारी बताया जा रहा है।

# गेहूं के डीबीडब्लू-187 प्रभेद की खेती करें किसान : मुख्य वैज्ञानिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय चियांकी में स्थित क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र में गुरुवार को शुष्क भूमि परियोजना के तहत प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर परियोजना के मुख्य वैज्ञानिक डा. डीएनसिंह ने किसानों को गेहूं के प्रभेद डीबीडब्लू -187 के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेत में बीज लगाने के पहले बीज उपचार करना चाहिए। जेडआरएस के सह निदेशक डा. अखिलेश साह ने बीज उपचार, बीज दर एवं गेहूं के रख रखाव की जानकारी दी। ई. प्रमोद कुमार ने चना, सरसो एवं तीसी के खेती की जानकारी दी। कहा कि रबी की उक्त फसलों की खेती के लिए यह समय उपयुक्त है। उन्होंने किसानों को सीधी लाइन में बीजों की बुआई की सलाह देते हुए कहा कि इससे 10से 20प्रतिशत अधिक उपज होगी। निक्रा परियोजना के अभिषेक पटेल ने कहा कि जलवायु तेजी से बदल रहा है। इससे वर्षपात अनिश्चित व अनियमित हो गई है। कही बाढ़ तो कहीं सूखा के चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कम वर्षा व कम समय में अधिक उपज देने वाली किस्मो का विकास किया जा रहा है। मौके पर बकोईया एवं दारूडीह के करीब पचास से अधिक किसान उपस्थित थे।



### मजदूर की मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार : शत्रु

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने गुरूवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हुसैनाबाद के भगवान बिघा निवासी दलित आप्रवासी मजदूर युगल राम की श्रीलंका में एम०एम०टी० कम्पनी में कार्य के दौरान हृदयविदारक मौत के लिए राज्य की हेमंत सरकार जिम्मेवार है। मजदूरों की मौत के बाद उनके अनाथ परिजनों के समक्ष जीवन जीने का संकट खड़ा हो जाता है। जिसमें प्रभावित को पुर्नवासित कर आजीविका से जोड़े।

### कार्यक्रम हमारे देश के वीर शहीदों को अर्पित : लवली

**मेदिनीनगर।** मनातू प्रखंड में एक नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता विशिष्ट अतिथि भाजपा मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव प्रमुख गीता देवी जिला परिषद सदस्य प्रदीप चावला पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी सांसद प्रतिनिधि बिगु साव विधायक प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम हमारे देश की अस्मिता से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है।

### बीएमसी नेउरा में गणित व अंग्रेजी के महत्व पर परिचर्चा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में गुरूवार को गणित व अंग्रेजी के महत्व पर चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा में इसके महत्व पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने कहा कि गणित से क्रय-विक्रय, विविध समस्याओं का समाधान आदि व अंग्रेजी से अंतरराष्ट्रीय संचार में काफी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे विश्व से आसानी से जुड़ा जा सकता है। छात्र जीवन में गणित व अंग्रेजी का महत्व और भी बढ़ जाता है। टीच फॉर ग्रीन के पलामू जिला प्रभारी अजय गुप्ता व सूफी रानी, जबकि शिक्षिका मुसर्रत जहां, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार ने भी गणित व अंग्रेजी पर विचार व्यक्त किया। मौके पर विद्यालय के सैकड़ो छात्राएं व छात्र मौजूद थे।

### फुटबॉल मैच में खरगाड़ा की टीम बनी विजेता

**हुसैनाबाद।** हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में एक दिवसीय फुटबाल टूर्नामिंट मैच का उद्धघाटन भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने किया। मैच झारखंड के खरगाड़ा व बिहार के बेला टीम के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड के खरगाड़ा की टीम ने बिहार के बेला टीम को 1 - 0 गोल से पराजित किया। मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी खेल आपसी सदभावना को बढ़ावा देता है। साथ ही खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसमें मुखिया संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, प्रेमतोष सिंह, आयोजक अरुण मेहता, शिव मेहता, धनंजय सिंह, जितेंद्र, छोटू कुमार सहित सैकड़ों खेल प्रेमी शामिल थे।

# युवा जागृति केंद्र का नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट 28 से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भंडरिया प्रखंड में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले युवा जागृति केंद्र नॉकआउट फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन इस वर्ष 28 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। युवा जागृति केंद्र के भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष बालक वर्ग के साथ-साथ बालिका वर्ग का भी टूनामेंट आयोजित होगा। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह ने कहा बालक वर्ग के खेल में कुल 16 टीमें भाग लेंगी तथा बालिका वर्ग के खेल में आठ टीमें भाग लेंगी। बालक वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क ?1500 है तथा बालिकाओं का प्रवेश निःशुल्क है। मुख्य रूप से भंडारिया एवं बड़गड़ प्रखंड की स्थानीय टीमों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोजन समिति के सचिव विजय सिंह ने कहा खेल का आयोजन स्थानीय हाई स्कूल के प्रांगण में होगा तथा विजेता टीम को 11000 नगद एवं खस्सी तथा आकर्षक कप प्रदान किया जाएगा। उपविजेता टीम को 7000 एवं खस्सी तथा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को खेल प्रोत्साहन हेतु फुटबॉल प्रदान किया जाएगा। सहसचिव अर्जुन राम ने कहा इस टूनामेंट का उद्देश्य खेल को प्रोत्साहन के साथ-साथ ग्राम स्तर पर युवा जागृति केंद्र को सशक्त और मजबूत बनाना है। मुख्य संरक्षक हरिदास तिर्की ने कहा खेल के माध्यम से युवा जागृति केंद्र युवाओं को सदैव संगठित एवं अनुशासित करता रहा है तथा स्वस्थ जीवन शैली एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रसार करता रहा है। मौके पर उपेंद्र विश्वकर्मा , उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सचिव विजय सिंह, उपसचिव अर्जुन राम, कोषाध्यक्ष अशोक केसरी, हरिदास तिर्की, रवि कच्छप, देवानंद कुमार, प्रवीण प्रजापति, मुबारक खान, देवानंद पाठक, उपेंद्र मुंडा, शंभू तमोली, राजकुमार सिंधु कच्छप एवं अन्य के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनवाईके ने किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंदूआ के हाई स्कूल में ₹मेरी माटी मेरा देश ₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मूख्य रूप भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक,पूर्व परीक्षा नियंत्रक नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय सह वर्तमान विभागाध्यक्ष कॉमर्स विभाग सुरेंद्र पांडे, मुखिया दीनानाथ मांझी, प्राचार्य नवनीत सुंदरम, जितेंद्र सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, शिक्षक प्रकाश कुमार, वार्ड सदस्य नब्बू मियां आदि उपस्थित थे ।इस अवसर पर सुरेंद्र पांडे ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश अभियानह्न का मुख्य उद्देश्य लोगों में वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना तथा देश के प्रति जागरूकता को बढावा देना है। विजयानंद पाठक ने कहा कि इस अभियान से युवाओं में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम जागृत होगा। हम सभी भारतवासियों को ह्यमेरी माटी मेरा देश अभियानह्न में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से शूरू हूई, साथ ही झारखंडी नृत्य की प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक दिलीप कुमार, राहुल कुमार, रीता कुमारी, दिलीप पांडे,आदि सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## पर्यावरण

### कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने कन्याओं की पांव पूजा की

# पति-पत्नी का गांठ जोड़ने का विधान है भारतीय संस्कृति में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उंटारी रोड प्रखंड के बिरजा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने फीता जोड़कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस देश में हम लोगों ने जन्म लिया है उसमें पति-पत्नी का गांठ जोड़ने का विधान है। उसी परंपरा को जीवंत रखने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के आयोजन के पीछे देश में सामाजिक प्रदूषण को रोकने के साथ लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदाकर मिट्टी से जुड़कर देश में हरियाली लाने का उद्देश्य है। पर्यावरणविद ने विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव की पूजा की । इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कमलेश चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, शिक्षक संजय कुमार चौधरी, भरदुल पासवान, दिनेश चौधरी, अमित चौधरी, अरुण चौधरी, उमेश,मुकेश, लक्ष्मण, रामचंद्र, विमल चौधरी, शकीरा देवी, रमोला कुंवर, धनवंती देवी, अमृता कुमारी, नेहा कुमारी, फूल कुमारी, अनीता ,संगीता, यशोदा, अंजू देवी,बसंती देवी,अजीत चौधरीआदि शामिल थे।



## छत से गिरकर महिला घायल, रांची रेफर



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चढ़नवा गांव निवासी संजय राम की पत्नी सीता देवी उम्र 45 वर्ष बुधवार की शाम अपने छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम सीता देवी अपने घर के छत पर टहल रही थी। इसी बीच वह अनियंत्रित होकर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

## गागर में सागर

### डांडिया : गरबा दी रात पर महिलाओं ने दिया भक्ति और शक्ति का परिचय



**लोहरदगा।** लेडीज युथ सोसाइटी और अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्वारा संयुक्त रूप से मुद्रिका बैंक्विट में महिलाओं के लिए गरबा डांस के प्रोग्राम गरबा दी रात का भव्य आयोजन किया गया। इसमें गरबे और डांडिया डांस की धूम मची। इसमें महिलाओं और युवतियों ने बड़े ही उत्साह से हिस्सा लेकर अपनी भक्ति-शक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कला का परिचय दिया। समिति की महिलाओं ने इसकी लंबे समय से तैयारी की हुई थी। उनके द्वारा एक से बढ़ कर एक फोटो सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महिला थाना प्रभारी किरण पांडे, जय श्री राम समिति संरक्षक सुषमा सिंह, वनवासी कल्याण केंद्र सचिव सुमन रॉय थी।

### भंडरा में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत समारोह का हुआ आयोजन




**भंडरा।** नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुंदो के संयुक्त तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत बीटपी हाई स्कूल मैदान में पंचायत स्तरीय संग्रहित मिट्टी को प्रखंड स्तर पर समारोह पूर्वक एकत्र किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बिंदेश्वर उरांव, जिला महामंत्री भाजपा बाल कृष्णा सिंह, मुखिया भंडरा इंद्रदेव उरांव, मुखिया उदरंगी परमेश्वर महली, मुखिया गडरपो सुमित उरांव, ग्राम प्रधान धोवाली सुरेंद्र उरांव ने इसकी शुरुआत की। मौके पर बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के जन-जन में देशभक्ति जगाने का कार्य किया है। संग्रहित मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा जो देश के वीर सपूतों के नाम समर्पित होगा। कार्यक्रम को भंडरा पंचायत मुखिया इंद्रदेव उरांव, उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली, गडरपो पंचायत मुखिया सुमित उरांव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान धोबाली सुरेंद्र उरांव, अभिषेक सिंह, विवेक सिंह, सतानंद कुमार सिंह, राहुल सिंह, सुमंती कुमारी, सोनी कुमारी, सुनीता, उर्मिला, सुशांति, गुड्डी, गीता उरांव आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में नवरात्र पर रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को नवरात्र के उपलक्ष्य में रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्राओं ने दुर्गा माता के नौ रूपों का धारण किया। साज श्रृंगार करते हुए आकर्षक प्रस्तुति मंच पर दी। मंच की भव्यता एवं रूप सज्जा एवं सजावट सुनीता द्वारा की गई। दुर्गा माता के नौ रूपों का विस्तृत वर्णन अशोक सिंह द्वारा किया गया। प्राची सोनी, आराध्या कुमारी, चंचल कुमारी, आशि कुमारी, तृषा जायसवाल, पायल कुमारी, अमृता कुमारी,आस्था पांडे, दिव्या उरांव ने माता के नौ रूपों को प्रस्तुत किया। महिषासुर के रूप में कक्षा चतुर्थ के कमलेश उरांव ने प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा दुर्गा पूजा अर्थात दशहरा पर्व अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है।

### बक्सीडीपा मेले को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने किया स्थल निरीक्षण

# रावण दहन के साथ आतिशबाजी व खोडहा समूह होगा आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति जिले में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मना रही है। शारदीय नवरात्र की दशमी पर बक्सीडीपा में लगने वाले मेले को लेकर गुरुवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक और पदाधिकारी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला स्थल में लोगों के पहुंचने, रावण दहन स्थल, मुख्य स्टेज, पार्किंग सहित अन्य कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने की तैयारी का जायजा लिया। बताया गया की इस वर्ष मेला पूर्व के वर्षों में लगने वाले स्थान से थोड़ी दूरी में दक्षिण पश्चिम दिशा बदला रोड की ओर लगाया जाएगा।



केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने कहा कि पूर्व में लगने वाला मेला स्थल के आसपास घर का निर्माण हो रहा है। जिस कारण मेला आयोजन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहीं मेला में भव्यता प्रदान करने के लिए मेला स्थल को थोड़ा आगे बढ़ा दिया गया है, जिसमें लोगों को मेले का आनंद लेने के लिए भरपूर स्थान मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेला में पूर्व में आयोजित होने वाले पतंग प्रतियोगिता को पुनः शुरू किया जा रहा है। बताया कि इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र रावण दहन, आकर्षक आतिशबाजी व खोडहा समूह होगा। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन को लेकर सरना सनातन के सभी लोगों से विचार विमर्श किया जा रहा है। वहीं उन्होंने मेले में आने वाले अभिभावकों से अपील की कि मेले में अपने परिजनों के साथ शामिल होने पर अपने बच्चों की जेब में उसका नाम, पिता का नाम, घर का पता व मोबाइल नंबर अवश्य डालें ताकि कोई बच्चा अगर मेले में गुम हो जाता है तो उस पर्ची के माध्यम से बच्चे को उसके अभिभावक से मिलाया जा सके। वहीं उन्होंने जिले के सभी लोगों को मेले में शामिल होकर मेले की शोभा बढ़ाने की अपील की। मौके पर प्रवीण सिंह, अशोक यादव, अजय शाहदेव, राजेंद्र खत्री, मोहन दुबे, परमेश्वर साहू, विनोद उरांव, संदीप गुप्ता, राजमोहन राम, कमलेश कुमार, मनोज गुप्ता, विनोद सिंह, बलराम साहू, अजय पंकज, महेंद्र महतो, प्रेम प्रजापति, अशोक साहू, विजय उराव, दुर्गा प्रजापति, वाल्मीकि प्रसाद, प्रवीण ठाकुर, पवन प्रजापति, अतुल गणपत, दुर्गा महली, रोहित कुमार, छोटू महतो आदि उपस्थित थे।

## एसडीओ, डीएसपी ने किया किस्को के पूजा स्थलों का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**



अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं मुख्यालय डीएसपी सह प्रभारी एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने आगामी दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर किस्को थाना क्षेत्र का भ्रमण कर पूरी स्थिति वस्तु का जायजा लिया। इस दौरान किस्को थाना के बगल पर बनाई जा रही दूर्गा चौक पूजा स्थल के पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी तरह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारी नवाडीह सहित अन्य जगह स्थापित पूजा पंडाल स्थल पर पहुंचकर दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी से मिलकर दुर्गा पूजा से लेकर विसर्जन तक की रूप रेखा की बारीकी से जानकारी ली। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने अपील करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला में पूर्व से ही सभी धर्म समुदाय के लोग आपसी भाईचारगी का परिचय देते आए हैं इसे बरकरार रखने की जरूरत है और आगामी सभी त्योहार शांति पूर्वक ढंग से मनाने की अपील की। सभी पूजा पंडाल स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक सावधानियां बरतने को लेकर पूजा कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीएम ने कहा कि दूर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान विवाद उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्व के लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि दूर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा से पल-पल की निगरानी रखी जाएगी ताकि हर गतिविधि पर नजर रखा जा सके।

## डीलर पर राशन में कटौती का आरोप, लाभुकों ने की बीडीओ से करवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज लाभुकों तक नहीं पहुंच रहा है। अनाज वितरण में धांधली हो रही है तभी तो लाभुक अक्सर शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। कभी सरकारी मूल्य से अधिक राशि लिए जाने तो कभी कई महीनों तक राशन नहीं दिए जाने की शिकायत करते हैं। इसी तरह की शिकायत प्रखंड के जमगाई पंचायत के कोटा गांव से आई है। गांव के दर्जनों लाभुकों ने गुरुवार को इसकी शिकायत बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा से की है। ग्रामीणों बताया कि गांव कि सरई फुल महिला मंडल द्वारा पिछले छह माह से राशन में प्रति कार्ड धारी 5 से 10 केजी कटौती की जा रही है। ग्रामीण सोमा उरांव, प्रेमचंद उरांव, रमेश उरांव, बुधवा उरांव, रंजीत उरांव साहित अन्य लाभुकों ने बताया कि पीडीएस दुकानदार सरई महिला मंडल द्वारा अनाज में कटौती की जा रही है। आवेदन में बताया है कि उन्हें अब तक अक्टूबर माह का राशन नहीं दिया गया है। जनवरी से लगातार राशन वितरण में धांधली की जा रही है। बीडीओ ने आवेदन के आलोक में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं लाभुकों ने जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बताया कि भंडरा प्रखंड में कई डीलरों की शिकायत मिल रही है।

## मां की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की लगी होड़

### लोहरदगा में जगह-जगह कारीगर आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए दिन रात कर रहे हैं मेहनत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शारदीय नवरात्र को लेकर कलश स्थापना करके दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। अहले सुबह से ही ह्या देवी सर्वभुतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमःह्न के मंत्र से वातावरण गुंजायमान होने लगा है। दिन भर लोहरदगा व आसपास के क्षेत्र दुर्गा सप्तशती के श्लोक गूंजते रहे। वहीं देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर मां के जयकारे और घंटों की ध्वनि से गूंजते रहे। सुबह पांच बजे से ही पूजा करने श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां माता रानी का भव्य श्रृंगार हुआ। मंत्रोउच्चारण से मां का आह्वान हुआ। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो मंदिर कमेटी इसका भी पूरा ख्याल रखती है।



शहर में लगभग दो दर्जन से अधिक पंडालें में मूर्तियां स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। इसके लिये पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। इधर, मौसम की स्थिति भांपकर इस बार वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण अधिकांश जगहों में किया जा रहा है। पूजा समितियों में इस बात की होड़ लगी हुई है कि उनके यहां मूर्ति के अलावा सजावट दूसरे जगहों से अच्छी हो। इसके लिये अब दिन-रात समिति के सदस्य प्रयास में लगे हुये हैं। आमजनों का मानना है कि शहर के महावीर चौक, बीआईडी, थानाटोली, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, हटिया गार्डन, रेलवे साइडिंग, मैना बगीचा, बक्शीदीपा, बरवाटोली, मिशन चौक आदि की सबसे अच्छी प्रतिमा के निर्माण के साथ-साथ यहां की सजावट भी काफी अच्छी होती है। इधर, पूजा को लेकर अभी से ही पूजा पंडाल वाले स्थलों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिये पुलिस बल की तैनाती शुरू कर दी गयी है। साथ ही प्रशासन ने सभी पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर पूजा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुये शांतिपूर्ण ढंग से पूजा मनाने की अपील की है। इधर पंडालों में जहां मां की विशाल प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजन किया जाता है। वहीं, कुछ लोग घरों में मां की प्रतिमा स्थापित करते हैं और फिर नवमी और दशमी पर उन्हें विदाई देते हैं। छोटी-बड़ी और अलग-अलग रूप-रंग में मां की प्रतिमाएं इन दिनों कारीगर बना रहे हैं। शेरोंवाली मां शेर पर सवारी करते हुए ही विराजी जाती हैं। ऐसे में उनके प्रिय वाहन की सजावट में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। इसके लिए लोहरदगा में हर साल पूरे मनोयोग से स्थानीय व बाहरी कलाकार ऐसे ही मां दुर्गा और उनके वाहन की प्रतिमा सजाते हैं। एक मां जितने प्यार से अपने बच्चे की परवरिश करती है, उतने ही प्यार से ये कलाकार मां मूरत में रंग भरते हैं। लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पंडाल निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जगह-जगह कारीगर आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

## डीसी ने की शिक्षा विभाग की मॉनिटरिंग समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, इस वर्ष माह जुलाई से सितंबर माह तक विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, मध्याह्न भोजन से संबंधित खाद्यान्न का उठाव व वितरण, अक्टूबर से दिसंबर तक खाद्यान्न के आवंटन की मांग, विद्यालयों द्वारा शत-प्रतिशत एसएमएस किये जाने, विद्यालयों के किचन-सह-स्टोर की मरम्मती, विद्यालयों में चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम, विद्यालयों के बच्चों की उंचाई व वजन रिकॉर्डर मशीन का क्रय कर विद्यालयों में वितरण संबंधी, स्कूल स्टेप डिलीवरी के तहत चावल की आपूर्ति, सेंट्रलाइज्ड किचन से संबंधित अद्यतन स्थिति समेत अन्य बिंदुओं व विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

वहीं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत मनरेगा के अभिसरण से चिन्हित कुल 69 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण की अद्यतन संबंधित बैठक हुई। इस संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दी गई। साथ ही, उपायुक्त द्वारा विभिन्न निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 12 हजार घन फीट बालू की नीलामी हुई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल तथा जिला खनन पदाधिकारी राजा राम उपायुक्त लोहरदगा के निर्देशानुसार बारह हजार घन फीट बालू की नीलामी की गई। बालू घाट की नीलामी में अधिकतम बोली एक लाख चालीस हजार दो रुपये में लाल विकास नाथ शहदेव टाटी कुडू ने जीती। बालू की नीलामी में कुडू के संजय चौधरी ने भी बोली लगायी थी। इस अवसर पर जिला खनन पदाधिकारी राजा राम ने कहा है कि 15दिनों के अंदर जब्त 12 हजार घन फीट बालू का उठाव करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उसके बाद बालू का उठाव नहीं कर सकेंगे।

## आयोजन | विधिक जागरूकता कार्यक्रम में बोले प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

# 'जीवन अनमोल है, सड़क पर सावधानी बरतें'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झालसा रांची के निदेशानुसार चलाए जा रहे 100 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत लिवेंस एकेडमी, लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा, राजेंद्र बहादुर पाल भी उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ डालसा सचिव राजेश कुमार पैनल अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर, गौतम लेनिन भी उपस्थित रहे।



विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डालसा सचिव ने विधिक सेवा प्राधिकार के विभिन्न कार्यों से बच्चों को अवगत कराया। अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम जैसे विषयों पर बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को बतलाते हुए सचेत किया कि जीवन अनमोल है इसकी हिफाजत करना आपके हाथ में है। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। सड़क पर हमेशा सावधानी बरतें क्योंकि एक दुर्घटना आपके साथ क्या कर सकती है यह आप नहीं जानते और यह कार्य एक सेकंड में हो सकता है। इसलिए हमेशा सावधानी बरतें। इसके साथ-साथ उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स एवं अन्य नशापन से बच्चों को सचेत किया और कहा कि जब आप उच्चतर शिक्षण संस्थानों में जाएंगे तो ऐसे लोग जो नशा के कारोबार में संलिप्त हैं आपको अपना शिकार बनाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से हमेशा सचेत रहें। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे जिनका उपस्थित अतिथियों ने जवाब दिया।

साथ ही साथ भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 15 छात्र-छात्राओं को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के हाथों प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## ऊंची कूद में सुजल बाखला को स्वर्ण

### अल्पना, सुजल व रोहित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में 17 से 19 अक्टूबर को संपन्न विद्या भारती बिहार झारखंड (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स में एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज के 7 एथलीटों ने कुल 9 पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण और 7 रजत पदक शामिल हैं। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग में सुजल बाखला ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



वहीं अल्पना शैली उरांव ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। इनके अलावा रजत पदक प्राप्त करने वालों में गोला फेक में आकांक्षा पांडे एवं नैतिक राज, त्रिकूद एवं 200 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा, 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस एवं 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव तथा 3000 मीटर तेज चाल में पूनम कुमारी शामिल हैं। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सुजल बाखला एवं अल्पना शैली उरांव तथा 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में रजत पदक प्राप्त करने वाले रोहित उरांव का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता बिहार के बेतिया में 30 अक्टूबर से आयोजित होगी। सभी विजेताओं को विद्या विकास समिति तथा स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मियों ने बधाई दी।

अपने कर्म बहुत ध्यान से कीजिए साहब , क्योंकि ये कलयुग है यहां ना किसी की दुआ खाली जाती है और ना ही किसी की बद्दुआ।

– अज्ञात



# बाल विवाह को समाप्त करें

**बाल** विवाह किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। यह बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। बाल विवाह बच्चों के जीवन में अंधकार लाता है और बचपन को नष्ट कर देता है। इंसानियत के नाते हम सभी का फर्ज है कि इन कुरीतियों के खिलाप खड़े होकर इस कुप्रथा को रोकना होगा। इसी संदर्भ में पिछले दिनों पलामू में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रशासन की अहम भूमिका रही। बाल विवाह चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर पलामू में चर्चा हुई। इस संस्था के जनक कैलाश सत्यार्थी का पलामू से गहरा नाता रहा है। कारण वह यहीं से जाकर इस संस्था की कल्पना साकार हुई है। कार्यशाला में प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों को बाल विवाह को रोकने की शपथ दिलाई गई। सच में देखा जाये तो बाल विवाह न सिर्फ एक कम उम्र की लड़की के बचपन को अचानक से खत्म कर देता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है और यह पीढ़ी दर पीढ़ी उनके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। कभी-कभी बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद कानून लागू नहीं किया जाता है। ताकि लोग बच्चे के साथ विवाह कर सकें, लेकिन यह एक अपराध है। स्कूलों कॉलेजों में लोगों को बाल विवाह के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि लोग बाल विवाह के मामलों की रिपोर्ट कर सके। हम सब को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बाल विवाह में शामिल लोगों को कड़ी सजा मिले। इस बाबत एक टीम बनाई गयी है। यह टीम बाल विवाह, बाल मजदूरी,बाल तस्करी और बाल यौन शोषण के खिलाप कार्य करेगी और अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी को रिपोर्ट करेगी। ताकि संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। बाल विवाह के खिलाप खड़ी होने वाली जिले के तीन किशोरियों को कार्यशाला में सम्मानित किया जाना यह दर्शाता है कि यह मुहिम पलामू ऐसी जगह पर रंग लायेगी। सम्मानित होने वाली बच्चियों के अभिभावक इनकी शादी बाल अवस्था मे कर रहे थे। इन तीनों लड़कियों ने अपनी शादी के खिलाफ जाकर इसकी शिकायत सबंधित थाना में की थी। यह एक साहसिक कदम है। इसकी प्रशंसा होनी ही चाहिए। इन लड़कियों के माध्यम से और लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरुकता रथ को उपायुक्त श्री शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह, बाल तस्करी,बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।

**बाल विवाह चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर पलामू में चर्चा हुई। इस संस्था के जनक कैलाश सत्यार्थी का पलामू से गहरा नाता रहा है। कार्यशाला में प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया गया।**

# न्यायालय के निर्णय पर सवाल उठाते अखिलेश यादव



**समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को न्यायालय ने सजा क्या सुनाई, सपाइयों का भारतीय न्याय प्रणाली से भरोसा ही उठ गया। दरअसल, यह इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जो प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह कहने को तो भारतीय जनता पार्टी के ऊपर शाब्दिक हमला है, लेकिन असल में तो वह पूरी प्रक्रिया के लिए अप्रत्यक्ष रूप से न्याय व्यवस्था को ही दोषी करार दे रहे हैं। उनका कहना है कि 'माननीय आजम खान जी और उनके परिवार को निशाना बना कर समाज के एक पूरे हिस्से को डराने का खेल खेला जा रहा है आजम खान मुसलमान हैं, इसलिए उन्हें इस तरह की सजा का सामना करना पड़ रहा है।' जबकि इससे जुड़ी हकीकत आज सभी के सामने है। सभी जान रहे हैं कि फ्रॉड गिरी का परिणाम आखिर बुरा ही होता है। जब पूरा परिवार ही मिलकर भ्रष्टाचार करेगा तो फिर क्या परिणाम आयेगा? एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के साल 2019 के प्रकरण में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी करार पाया है। यहां फिर स्पष्ट कर दिया जाय कि यह दोष का पाया जाना किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं, न्यायालय का है और सपा प्रमुख अखिलेश इसे लेकर भाजपा पर हमलावर हैं। क्या गलती करने के बाद उसकी संबंधित स्थान पर शिकायत करना भी गुनाह है? इस मामले में भी तो यही हुआ है । प्रकरण को गहराई से समझें, साल 2019 में रामपुर के गंज पुलिस थाने में बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आजम खान और उनकी पत्नी ने मिल कर उनके बेटे के दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाये हैं। फेक बर्थ सर्टिफिकेट का यह केस 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। पीड़ित द्वारा न्यायालय की शरण में जाने के चार साल बाद ये निर्णय आया है। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ही यह पाया कि किस-किस तरह से आजम परिवार ने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया और उसमें अपनी पूरी संलिप्तता दिखाई, इसलिए ही कोर्ट ने फेक बर्थ सर्टिफिकेट केस में आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए 7-7 साल की सजा सुनाई है। वास्तव में सत्ता के दुरुपयोग किये जाने का भी एक सटीक उदाहरण है। आजम खान ने अपनी सत्ता का गलत तरह से उपयोग करते हुए रामपुर नगर पालिका से एक जन्म प्रमाणपत्र में जारी करवाया था जिसमें अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि एक जनवरी, 1993 थी। इसके बाद लखनऊ से जारी दूसरे प्रमाणपत्र में अब्दुल्ला की जन्मतिथि 30 सितंबर, 1990 दर्शायी गई, यह लालच और पॉवर के गेम के लिए भ्रष्ट आचरण की पराकाष्ठा है जो एक बालक वर्ष 90 में पैदा होता है, फिर 93 में फिर से पैदा हो जाता है। अब ऐसे प्रकरणों में सजा तो मिलना ही है। इसमें भाजपा का क्या दोष? अखिलेश यादव का यह कहना कि आजम खान ने रामपुर में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय बनवाये हैं। आजम खान और उनके परिवार को निशाना बनाकर समाज के एक पूरे हिस्से को डराने का जो खेल खेला जा रहा है, जनता वो देख भी रही है और समझ भी रही है। कुछ स्वार्थी लोग नहीं चाहते हैं कि शिक्षा-तालीम को बढ़ावा देने वाले लोग समाज में सक्रिय रहें। यहां भी वे अप्रत्यक्ष रूप से यही कह रहे हैं कि मुसलमानों के प्रति भाजपा की योगी सरकार दुराग्रह पूर्ण व्यवहार कर रही है। जबकि यूपी की आज की तारीख में हकीकत यह है कि जनसंख्या के अनुपात में यदि कोई अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा लाभ ले रहा है तो वह मुसलमान ही है। संबंधित समय-समय पर आईं रिपोर्ट्स को भी देखा जा सकता है, जिसमें स्पष्ट बताया गया है कि यूपी में मुस्लिम आबादी 17-19 प्रतिशत है, लेकिन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ में उनकी हिस्सेदारी 45-55 प्रतिशत है। यानी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में मुसलमानों की हिस्सेदारी राज्य की जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी से कई गुना अधिक है। सही मायनों में देखा जाय तो इस तरह के वातावरण की निर्मिति तभी संभव है जब कोई राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करती हो। इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते भी हैं कि उनकी सरकार में कल्याणकारी नीतियां भेदभाव रहित हैं। अतः उत्तर प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर कहना यही होगा कि यूपी की पिछली सरकारें कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए 'पिक एंड चूज' नीति का इस्तेमाल करती नजर आयीं, जबकि योगी की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। राज्य, सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और हितग्राही को लाभ देने के मामले में जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र और भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता दिखा है। काश, अच्छा हो जो अखिलेश यादव समाजवाद के आचार्य नरेंद्र देव, जय प्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गजों के विचार के अनुरूप आचरण करते हुए नजर आयें। सही तथ्य जनता के सामने रखें, इस तरह भाजपा की आड़ लेकर न्याय प्रक्रिया पर उंगली न उठायें। न्यायालय साक्ष्यों के आधार पर ही किसी निर्णय तक पहुंचता है और अपना निर्णय सुनाता है। किसी बेगुनाह को भूल से भी सजा न हो जाय, फिर साक्ष्यों के अभाव में अपराधी ही क्यों न छूट जाए, इस सोच के साथ न्यायालय कार्य करते हैं। ऐसे में आजम परिवार को सजा होना बता रहा है कि वे दोषी हैं और जो दोष करने की सजा हो सकती है, वह उन्हें आज मिली है। **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

**वास्तव में सत्ता के दुरुपयोग किये जाने का भी एक सटीक उदाहरण है। आजम खान ने अपनी सत्ता का गलत तरह से उपयोग करते हुए रामपुर नगर पालिका से एक जन्म प्रमाणपत्र में जारी करवाया था जिसमें अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि एक जनवरी, 1993 थी।**

**इन दिनों**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी*

**माना** जाता है कि यह संख्या अखंड होती है और जिसका ब्रह्म स्वरूप कभी खंडित नहीं किया जा सकता। विभिन्न कामनाओं के लिए भक्तगण नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना और पूजन करते हैं। आइये हम बताते हैं आपको इन नौ रूपों की कथा और कौन से हैं यह नौ रूप।

**प्रथम दुर्गा मां शैलपुत्री :** नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। पर्वतराज हिमालय के घर देवी ने पुत्री के रूप में जन्म लिया और इसी कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। प्रकृति का प्रतीक मां शैलपुत्री जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का सर्वोच्च शिखर प्रदान करती हैं। शैलपुत्री के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल रहता है तथा इनका वाहन वृषभ (बैल) है। मां के इस रूप को लाल और सफेद रंग की वस्तुएं पसंद होने के कारण इस दिन लाल और सफेद पुष्प एवं सिंदूर अर्पित करें और दूध की मिठाई का भोग लगाएं। मां शैलपुत्री का पूजन घर के सभी सदस्य के रोगों को दूर करता है एवं घर से दरिद्रता को मिटा संपन्नता को लाता है। इनकी पूजा का मंत्र है - **'या देवी सर्वभूतेषु प्रकृति रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।'**

**द्वितीय दुर्गा मां ब्रह्मचारिणी मां ब्रह्मचारिणी**
वह परम ब्रह्म जिसका न आदि है न कोई अंत, उसी ब्रह्म सरूपा चेतना का स्वरूप है मां ब्रह्मचारिणी। नवरात्रि के दूसरे दिन इन देवी की पूजा की जाती है। नारद मुनि के कहने पर इन देवी ने शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी और उन्हें ब्रह्म ज्ञान प्राप्त हुआ था, इसीलिए इनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा।

**(क्रमशः)**

# केन्द्रीय सशस्त्र बलों में बढ़ता मानसिक तनाव

**देश** की आंतरिक सुरक्षा कायम रखने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले देश के अर्द्धसैनिक बल के सैनिकों में बढ़ता मानसिक तनाव बेहद चिंतनीय है। पिछले एक दशक में इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसा नहीं है कि सरकार या यों कहें कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय समस्या की गंभीरता से नावाकिफ है अपितु सभी स्तर पर चिंतन मनन के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकल पाया है। समस्या की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि केन्द्रीय सशस्त्र बलों में आत्महत्या के मामले तो बढ़े ही हैं साथ ही आपसी गोलीबारी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हमें सैनिक बलों और अर्द्धसैनिक बलों की कार्यप्रणाली को भी समझना होगा तो देय सुविधाओं को भी ध्यान में रखना होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि सैनिक बल जहां बार्डर पर कठिनतर परिस्थितियों में तैनात रहते हैं पर जब वहां उनका टेन्योर पूरा हो जाता है तो उसके बाद उनकी तैनाती शांत व कम जोखिम वाले स्थानों पर होती है। सैनिकों के लिए सैनिक अस्पताल भी बेहतरीन सुविधा व विशेषज्ञयुक्त होने के साथ सैनिकों के परिजनों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाती है। दूसरी और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती पूरी तरह से देखा जाय तो कठिन परिस्थितियों से भरी होती है। चाहे वह नक्सल प्रभावित क्षेत्र की हो या फिर जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था की हो या नार्थ ईस्ट में शांति व्यवस्था बनाये रखने की हो। इसके अलावा देश के किसी भी कोने में किसी कारण से अशांति के हालात होते हैं या फिर आपदा के हालात होते हैं तो व्यवस्था के नाम पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती आम बात है। ऐसे में काम की अधिकता, सेवा परिस्थितियां और फिर व्यक्तिगत कारण संवेदनशील व्यक्ति को बहुत जल्द अवसाद में ला देते हैं। अर्द्ध सैनिक बलों में मुख्यतः सीआरपीएफ, बार्डर सिक्योरिटी फोर्स, असम राइफल्स, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी आदि आते हैं। पिछले दिनों गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 2020 में 4940 मानसिक रोगी चिन्हित किए गए इनमें से सर्वाधिक 1882 सीआरएफ, 1327 बीएसएफ, 530 असम राइफल्स, 472 सीआईएसएफ, 417 आईटीबीपी और 312 एसएसबी के हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ही 2017 से 2022 के बीच अर्द्ध सैनिक बलों के सैनिकों के बीच आपसी गोलीबारी में 57 कर्मियों की जान गई है तो 2018 से 2022 क बीच 658 कर्मियों के आत्महत्या की है। कमोबेश यह स्थिति आज भी है। इससे यह साफ हो जाता है कि मानसिक तनाव बड़ी समस्या है और इसे दूर करने के लिए ठोस उपाय किये जाने की अतिआवश्यकता है। हांलाकि इस समस्या का हल खोजने के लिए टास्क फोर्स के गठन से लेकर कई समितियां बनाई गई है पर हालात में अभी तक जिस तरह के बदलाव आने चाहिए थे वे नहीं आ पाये हैं। दरअसल आधुनिक जीवन पद्धति और भागमभाग की जिंदगी में मानसिक तनाव इस तरह हाबी रहता हे कि लाख प्रयासों के बाद भी व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। एक और कार्य स्थल की परिस्थितियां, दूसरी और पारिवारिक जिम्मेदारियां, तीसरी और पारिवारिक तात्कालिक व दीर्घकालिक समस्या, चौथा कार्य स्थल पर रेस्ट करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाना, पांचवां आवश्यकता पर या चाहने पर छुट्टियां नहीं मिलने के साथ ही अन्य कई छोटे मोटे कारण हो जाते हैं जिससे व्यक्ति तनाव में चला जाता है। आर्थिक समस्या प्रमुख कारण है। मानसिक तनाव की इस समस्या का समाधान इसलिए जरुरी हो जाता है कि जहां एक और मानसिक रोग बढ़ता जा रहा हैं वहीं करीब 50 हजार लोगों द्वारा समयपूर्व नौकरी छोड़ना अपने आप में गंभीरता को दर्शाता है। इस सबके लिए मनोचिकित्सकों का होना आवश्यक हो जाता है।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ही 2017 से 2022 के बीच अर्द्ध सैनिक बलों के सैनिकों के बीच आपसी गोलीबारी में 57 कर्मियों की जान गई है तो 2018 से 2022 क बीच 658 कर्मियों के आत्महत्या की है।**

**तनाव**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**ज्ञान इसलिए नहीं होता कि हम अतीत की व्याख्या करते रहे, यह तो भविष्य का निर्माण करने के लिए होता है।**

# हमास के खिलाफ है भारत फिलिस्तीन के नहीं

**इजराइल** पर हमास के हमले और फिर इजराइल की जवाबी कार्रवाई में एक पक्ष कमजोर पड़ गया है। वह पक्ष है फिलिस्तीन राष्ट्र का। निश्चित ही इस पक्ष को फिलिस्तीन आधारित हमास जैसे आतंकवादी संगठन ने कमजोर किया है। विडंबना यह है कि हमास अपने को फिलिस्तीन का उद्धारक मानता है और गाजा पट्टी के एक हिस्से पर उसका अधिकार भी है। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सेनाओं ने गाजा को घेर रखा है। वहां रसद जैसी जरूरी आपूर्ति के साथ पानी तक की समस्या खड़ी हो गई है। अमानवीय हालात तो यह है कि केंद्रीय गाजा के अल अहली अस्पताल में रॉकेट अटैक में 500 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। मरीजों के साथ यहां अन्य लोगों ने भी शरण ली थी। दिल हिला देने वाले इस हमले के बाद युद्ध का परिदृश्य बदल गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति इजराइल यात्रा पर पहुंचे। जहां से वे जार्डन जाने वाले थे। वहां उनकी किंग अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल सीसी के साथ बातचीत होने वाली थी। गाजा के अस्पताल में हमले के बाद इन देशों ने बातचीत रद्द कर दी। हालांकि बाद में बाइडेन ने मिस्त्र के राष्ट्रपति फतह अल सीसी से बातचीत की और गाजा में मानवीय सहायता भेजे जाने के लिए मिस्त्र ने राफा बॉर्डर खोलने की सहमति दी। जो भी हो, दो दिन पहले के अपने इंटरव्यू में बाइडन ने फिलिस्तीन का भी नाम लिया था। हमास और इजराइल संघर्ष में अमेरिका पूरी क्षमता के साथ इजराइल के साथ है। हमास जैसे आतंकी संगठन के बर्बर हमले के कारण दुनिया के कई देश इजराइली जनता के पक्ष में खड़े हैं। इनमें भारत भी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास के हमलों की कटु निंदा की है। उन्होंने किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई को दुनिया की प्रगति में बाधक बताया है। प्रधानमंत्री के बयान के दो दिन बाद ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने फिलिस्तीन का समर्थन करते हुए द्विराष्ट्र के सिद्धांत की वकालत की। यहां समझना होगा कि कथित रूप से फिलिस्तीन के लिए लड़ने वाले हमास और स्वयं फिलिस्तीन राष्ट्र में फर्क है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने बयान में इस मुद्दे पर भारत की नीति को दीर्घकालिक और सुसंगत बताया। उनके मुताबिक, भारत ने इजरायल के साथ सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर सदैव एक संप्रभु, स्वतंत्र फिलिस्तीन की स्थापना की वकालत की है। भारत का मानना है कि यह सीधी वार्ता की बहाली और इसके साथ ही इजराइल के साथ शांतिपूर्ण संबंधों से सम्भव होगा। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने सिर्फ आतंकवाद पर इजराइल के साथ खड़े होने की दृढ़ता दोहराई है। इस पूरे मसले को इजरायल, फिलिस्तीन और हमास के नजरिये से देखना होगा। फिलिस्तीन नेशनल अथॉरिटी यानी पीएनए ही स्टेट ऑफ फिलिस्तीन है। फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन अर्थात पीएलए के प्रमुख फतह पार्टी के अध्यक्ष महमूद अब्बास मई 2005 से इसके राष्ट्रपति भी हैं। उसके पहले करीब 15 साल तक यासिर अराफात इस जगह पर थे। यासिर अराफात के समय भारत के साथ फिलिस्तीन के सम्बंधों में अधिक मजबूती दिखी थी। गैर अरब देशों में भारत फिलिस्तीन नेशनल अथॉरिटी को मान्यता देने वाला पहला देश है। हम फिलिस्तीन स्टेट को भी मान्यता देने वाले देशों में शामिल हैं। वर्ष 1996 में गाजा में भारत ने अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोला। वर्ष 2003 में उसे रामल्ला में स्थानांतरित कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 53 वें सत्र के दौरान (1998-99) भारत 'आत्मनिर्णय के लिए फिलिस्तीनियों के अधिकार' सम्बंधी मसौदा प्रस्ताव का सह-प्रायोजक था। वर्ष 2003 में इजरायल द्वारा दीवार बनाने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में भी भारत मतदान करने वालों में शामिल था। यूएनए के 2012 के संकल्प के पक्ष में भी भारत ने मतदान किया था। यह प्रस्ताव फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र में 'गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य' बनाने का था।



डॉ. प्रभात ओझा

**अमानवीय हालात तो यह है कि केंद्रीय गाजा के अल अहली अस्पताल में रॉकेट अटैक में 500 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। दिल हिला देने वाले इस हमले के बाद युद्ध का परिदृश्य बदल गया है।**

**हमास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### बीडीओ से आधार कार्ड बनवाने की मांग

**बारियातु।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत मुख्य मार्ग बरनी पेट्रोल पंप के समीप निवास करने वाले मुशहर परिवार ने गुरुवार को बीडीओ को आवेदन सौंपकर आधार कार्ड बनवाने का आग्रह किया है। बताया गया है कि हमलोग तीस से भी अधिक मुशहर परिवार लगभग 25 वर्षों से कुम्बा में जीवन बीता रहे हैं। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण राशन कार्ड, बैंक खाता सहित किसी तरह का कोई सरकारी लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। विहिप प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी झूलन प्रसाद भगत ने मुशहर परिवारों की समस्या से बीडीओ को रूबरू कराया। बीडीओ ने कहा कि वर्तमान में आधार कार्ड बनाने के लिए विभाग से कार्य नहीं हो रहा है, परंतु जिला से बात कर हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

### हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक बने श्रवण

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बने श्रवण कुमार मिश्रा, तत्कालीन प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी ने अपना प्रभार विद्यालय के शिक्षक श्रवण मिश्रा को सौंपा। वहीं पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्रवण मिश्रा ने कहा कि जिस अपेक्षा के साथ विभाग ने हमें दायित्व दिया है मैं उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करुंगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रुपेश कुमार, उमेश सिंह, विश्वरूप सिंघा, अलका कुमारी, मौमिता विश्वास, किशोर पासवान उपस्थित थे।

### नवरात्र पर भक्ति जागरण का आयोजन

**बारियातु।** दुर्गा बाड़ी परिसर में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, पूजा समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद व पूजा समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। बलवीर सिंह झांकी ग्रुप समिति मां दुर्गा महिषासुर मर्दनी कला केंद्र तुर्रा पिपरी रेणुकूट सोनभद्र के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। भगवान कृष्ण की रासलीला, मां दुर्गा, महाकाल की झांकी प्रस्तुत की गई।

### विक्टर अध्यक्ष और भूषण सचिव बने

**बरवाडीह।** प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च में फादर देवनिश के निर्देशानुसार डीएन राम की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा एकता मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कमेटी का विस्तार किया गया। फादर देवनिश कुजूर को मुख्य संरक्षक बनाया गया। वहीं संगठन मंत्री उज्ज्वल मिश्रा, अध्यक्ष विक्टर केरकेट्टा, उपाध्यक्ष सिप्रियन मिंज, सचिव शशिभूषण तिवारी, उपसचिव अनितेस मुंडा, कोषाध्यक्ष पूर्व बरवाडीह मुखिया सुनीता टोप्पो, उपकोषाध्यक्ष मोनिका कुजूर को बनाया गया। वहीं पास्टर मार्टिन, डीएन राम, मुकुट स्टीफन तिर्की, बेरोनिका कुजूर, राजकुमार भुईया, क्रिस्टीना सिंह को कार्यकारणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

### बरवाडीह में पहली बार डिजिटल बोर्ड

**बरवाडीह।** प्रखंड में पहली बार किसी कोचिंग संस्थान की ओर से शिक्षार्थियों के डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय उच्च विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक कामेश्वर राम ने किया। अभाविप के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सह पूर्णकालिक सदस्य अतुल कुमार सिंह, सागर कुमार वर्मा, रंजीत राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। राम ने चाणक्य क्लासेस के संचालक देव प्रकाश यादव व शिक्षक आशीष विश्वकर्मा की पहल की सराहना की। कहा कि बरवाडीह में पहली बार किसी कोचिंग संस्थान की ओर से डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गई है। वहीं अभाविप के कार्यकर्ता अतुल सिंह व सागर वर्मा चाणक्य क्लासेस की पहल की प्रशंसा की।

### चंदवा निवासी वनकर्मी दो दिन से लापता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सरोज नगर निवासी सुमित कुमार, पिता हरदेव साव बीते मंगलवार से वन विभाग कार्यालय के नजदीक से लापता है। वह वन विभाग का कर्मी है और ड्युटी के लिए ही घर से निकला था। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे ब्लॉक कालोनी तक देखे जाने की बात बताई जा रही है। उसके लापता होने के पश्चात परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल पाने के पश्चात परिजन गुरुवार को चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### भद्रकाली मंदिर में किया गया पौधारोपण

**इटखोरी।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मां भद्रकाली मंदिर में पौधरोपण किया गया। भद्रकाली के सहस्त्रलिंगम मंदिर परिसर में नियमित पूजन में प्रयोग होने वाले पान पत्ता, तुलसी समेत कई औषधीय पौधे लगाए गए। पत्थलगडा के प्रकृति प्रेमी जितेंद्र तिवारी और उनकी धर्म पत्नी ललिता कुमारी के द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए थे। मां भद्रकाली न्यास बोर्ड के सचिव अमित सिंह, कोषाध्यक्ष विजय चौरसिया, सदस्य अशोक पांडेय, भाजपा नेता सतीश सिंह, पत्रकार अनुज पांडेय, पंकज सिंह व अन्य की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

### पूर्व जिप अध्यक्ष पहुंची भद्रकाली मंदिर

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत माता भद्रकाली मंदिर में गुरुवार को शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता की पूजा अर्चना को लेकर झारखंड, बिहार समेत अन्य राज्यों व जिले के श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसी दौरान गुरुवार को कोडरमा के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता अपने दर्जनों समर्थक के साथ माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। उनके आगमन पर उप प्रमुख संजय गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भरत साव, युगेश्वर साव समेत अन्य लोगों ने भव्य स्वागत किया।

### 1941 से चली आ रही परंपरा, 2064 तक के लिए नाम तय, ढाई दशक की प्रतीक्षा के बाद ललित के परिवार को मिला सौभाग्य

# मां को ताज पहनाने का अनोखा रिवाज, पिता लगाते हैं नंबर, बेटा को मिलता है मौका

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)** जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में मां दुर्गा को ताज पहनाने की अनोखी परंपरा है। यहां पिता नंबर लगाते हैं और बेटे को सौभाग्य प्राप्त होता है। अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि माता रानी को मुकुट चढ़ाने वालों का नाम 2064 तक के लिए तय हो चुका है। यदि अब कोई मुकुट चढ़ाने के लिए इच्छा व्यक्त करेंगे, तो उन्हें चार दशक अर्थात 2064 तक इंतजार करना होगा। यह परंपरा वर्ष 1941 से चली आ रही है। ढाई दशक की प्रतीक्षा के बाद इस बार ललित किशोर प्रसाद के परिवार को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इनके पिता ने 1984 में नंबर लगाया था।

दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने बताया कि मां दुर्गे के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता के रूप में मुकुट चढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा सात दशक से चली आ रही है। पूजा से एक महीना पहले पूजा कमेटी की बैठक होती है, जिसमें आसपास के विभिन्न गांवों के लोग शामिल होते हैं और मुकुट चढ़ाने के लिए अपनी इच्छा



जताते हैं। जो पहले इच्छा व्यक्त करते हैं, उन्हें बुकिंग के बाद का पहला नंबर दिया जाता है। श्रद्धालु संबंधित भक्त के घर से मुकुट के साथ जुलूस की शक्ल में दुर्गा मंडप तक पहुंचते हैं। उसके बाद पूजा के पश्चात माता रानी को मुकुट पहनाया जाता है। मुकुट का निर्माण बंगाल के कारीगर करते हैं। जिस पर करीब अठारह से बीस हजार रुपये का खर्च आता है। दुर्गा मंदिर में मुकुट चढ़ाने व विसर्जन के दिन मां की प्रतिमा को कंधे पर विसर्जन करने की परंपरा पिछले 84 वर्षों से निरंतर कायम है। इस वर्ष द्वारिका राणा ने मुकुट का चढ़ावा चढ़ाने के लिये नंबर लगाया है, उन्हें 41 वर्ष बाद 2064 में का नंबर मिला है। मयूरहंड़ दुर्गा पूजा का इतिहास 82 वर्ष पुराना है। यहां पूजा की शुरुआत वर्ष 1941 में हुई थी। शुरुआती दौर में खुटे-डंडे पर तिरपाल लगाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाति थी। गांव में दुर्गा पूजा की शुरुआत करने का मुख्य उद्देश्य गांव में फैली हैजा महामारी को दूर भागना था।

मौके पर रामभरोस सिंह, अलखदेव सिंह, शशि प्रमोद लाल, संतोष सिन्हा, आदित्य सिंह, रणधीर सिंह, रामजतन सिन्हा के अलावा ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, डीसी बोले-सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार

# उपद्रवियों पर पानी की बौछार, लाठीचार्ज !

### एसपी ने कहा, उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** दुर्गा पूजा के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर बालूमाथ पुलिस अपनी तैयारी में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। गुरुवार को उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में मॉक ड्रिल थाना चौक के पास किया गया। इसमें कृत्रिम रूप से सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों से जाम हटाने का आग्रह किया गया। जाम नहीं हटने की स्थिति में पुलिस की ओर से वाटर कैनन से भीड़ पर पानी की बौछार के साथ-साथ आंसू गैस तथा केमिकल वाले कलर से प्रहार किया गया। सुरक्षा बलों ने उपद्रवियों पर लाठी चार्ज किया। साथ ही फायरिंग भी की गई।

इससे पहले उपायुक्त हिमांशु मोहन एवं एसपी अंजनी अंजन ने सुरक्षा बलों एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के पूरे लाव लश्कर के साथ बालूमाथ शहर का भ्रमण किया। बालूमाथ थाना परिसर से शुरू हुआ मार्च नेशनल हाईवे 22 न्यू बस स्टैंड होते हुए बालूमाथ दुर्गा मंडप पहुंचा, जहां दुर्गा पूजा समिति की ओर से पदाधिकारी का तिलक लगाकर एवं चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मार्च बालूमाथ स्थित छठ तालाब पहुंचा, जहां उपयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा विसर्जन को लेकर पूजा समिति के साथ विस्तार से मंत्रणा की। इसके बाद मार्च पास्ट



जमा मस्जिद के पास पहुंचा, जहां बालूमाथ अंजुमन के सदर ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि बालूमाथ सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है, बालूमाथ के इतिहास को हरगिज किसी भी कीमत पर दागदार नहीं होने देंगे।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पूरी तरीके से प्रतिबद्ध है। आपसी सौहार्द और उल्लास के वातावरण में लोग त्योहार मनाएं। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पूरी तैयारी की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल को अगर किसी ने बिगाड़ने की कोशिश भी की तो लातेहार पुलिस किसी भी कीमत पर उपद्रवी को नहीं छोड़ेगी। पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार एवं सक्षम है। मौके पर एसडीओ मो परवेज, सीओ आफताब आलम, बीडीओ सोमा उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, एसआई कुबेर साव, सुबोध कुमार, नितीश कुमार, दुती कृष्ण महतो, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार चौधरी, शमीम खान, झामुमो जिला संयुक्त सचिव मो इमरान, प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, राजेश यादव, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, युवा समाजसेवी मो मुजम्मिल हुसैन, भाजपा नेता प्रदीप यादव, सुनील पांडे व पूजा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धर्मेंद्र कुमार ने 23वें थाना प्रभारी के रूप में दिया योगदान

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में पुनः धर्मेंद्र कुमार महतो ने योगदान दिया है। बता दें कि महीनों से बालूमाथ थाना प्रभारी का पद अतिरिक्त प्रभार में चल रहा था। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने जिले में कई पुलिस अधिकारियों का तबादला करते हुए चंदवा अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो को बालूमाथ थाना प्रभारी बनाया गया। बता दें कि पूर्व में भी धर्मेंद्र कुमार महतो बालूमाथ में थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। वहीं पदभार ग्रहण करते ही महतो ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने एवं अपराधियों पर पूरी तरह नकेल कसने की बात कही है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी का स्वागत किया। वहीं झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान ने भी स्वागत किया। युवा समाजसेवी राजेंद्र साव (नगड़ा) ने बधाई दी। इस दौरान झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, समाजसेवी संतोष उरांव, कपिल उरांव आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-बाइक के बीच सीधी टक्कर में एक की मौत

**चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर दूबी के समीप की घटना**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर दूबी पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की देर शाम एक ट्रैक्टर और बाइक के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक शिवम कुमार तुरी, पिता मुड़ल तुरी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घटना में एक अन्य युवक प्रेम तुरी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा गांव के ही रहने वाले हैं। दुर्घटना में घायल प्रेम तुरी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

शिवम एसके कंट्रक्शन कंपनी द्वारा संचालित माइंस में ड्रिल मशीन का ऑपरेटर था। प्रेम तुरी उसी मशीन में हेल्पर का काम करता था। दोनों ड्यूटी खत्म कर बाइक से वापस अपने घर बोदा लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर ने दोनों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वहां से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद 108 एंबुलेंस को कई बार फोन किया गया लेकिन फोन की घंटी बजती रही किसी ने जवाब नहीं दिया। ईसके कारण घायलों को अस्पताल पहुंचने में देरी हुई।

### सुरेंद्र उरांव ने चतरा के नए एसडीओ के रूप में किया पदभार ग्रहण



**चतरा।** 2010 बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र उरांव ने गुरुवार को चतरा के नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में योगदान देने के उपरांत पदभार ग्रहण किया। उरांव ने कार्यालय कक्ष में निवर्तमान एसडीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी से पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनो अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। निवर्तमान एसडीओ अंसारी ने 6 सितंबर 2020 को प्रभार संभाला था। अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने चतरा में कई जटिल समस्याओं का समाधान किया। उनके कार्यकाल में चतरा प्रमंडल में पूरी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल रहा। मृदुभाषी श्री अंसारी ने अनुमंडल क्षेत्र में गंगा जमनी तहजीब को स्थापित करने में अहम भूमिका निभायी। वर्तमान एसडीओ उरांव को 2010 से लगातार प्रशासनिक सेवा में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व को देखते हुए श्री उरांव ने सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है।

### अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक गोपनीय कार्यालय कक्ष में गुरुवार को हुई। जिसमें तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। मुख्य रूप से सभी तकनीकी विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अबतक की स्थिति एवं लंबित कार्य, पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, नगर परिषद, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल समेत अन्य तकनीकी विभागों की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदकों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करें।

भेड़ी फार्म में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी का अधिष्ठापन समेत अन्य मुलभूत सुविधाएं बहाल करने व जिले के प्रस्तावित पर्यटक स्थलों पर कंक्रीट बेंच डेस्क का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। नगर





परिषद के कार्यों की मसीक्षा के क्रम में आरसीसी नाली निर्माण, मोबाइल टॉयलेट, पीसीसी पथ निर्माण, नईकी तालाब में बेंच डेस्क का निर्माण पर पूछे जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। उन्होंने विनय भारती पार्क के साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देशित किया गया कि पशुमेला में डस्टबीन के साथ, साफ-सफाई से संबंधित बोर्ड और यह सुनिश्चित किया जाय कि खिलाड़ियों के लिए बनाएं गए जवाहर लाल नेहरू स्टेडिम में मेला के कारण किसी भी प्रकार की गंदगी न फैले। सिविल सर्जन को त्योहार को देखते हुए निर्देशित किया गया कि सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप केंद्र के सभी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित करें कि रोस्टर अनुसार अपने केंद्रों पर उपलब्ध रहें और चिकित्सालय में मरीजों की ससमय इलाज करें।

### डायन-बिसाही का आरोप लगा महिला को पीटा

**चतरा।** चतरा जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया गांव से डायन बिसाही के आरोप में अधेड़ महिला के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा बेरहमी से मारपीट किये जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मारपीट किये जाने से महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी है, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर किया गया। वहीं सदर अस्पताल में उपचार के उपरांत महिला की गम्भीर हालत को देखते हुए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना को लेकर महिला के पति ने बताया कि बीते दिन दुसरे पक्ष के परिवार में एक व्यक्ति की अचानक तबियत बिगड़ गई जिसको लेकर अधेड़ महिला पर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इधर मामले को लेकर पिड़ित महिला के परिवार वालों के द्वारा जोरी थाना में चार लोगों के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### नवरात्र : छात्राओं ने प्रस्तुत की नवदुर्गा की भव्य झांकी



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें दुर्गा की नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री बनी नवम और दशम कक्षा की बहनों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, जिला कारवाह धर्मेंद्र जयसवाल, लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, यादव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, आकाश कुमार सेन, मधु, खुशबू तिवारी आदि मौजूद रहे।

### भक्ति जागरण आज


**मनिका।** शिंजो शिव मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकार पायल बनारसी, रीमा वर्मा, विकास पांडे, विनय मिश्रा रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे। उनके साथ बाहर से आए हुए म्यूजिशियन कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे।

**कार्यक्रम** निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में जुटे कोलकाता के कलाकार

# कल खुलेगा रेलवे क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल का पट

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** रेलवे क्लब पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में कलाकार लगे हुए हैं। पंडाल का पट 21 अक्टूबर को खुलेगा। इससे पूर्व शुक्रवार को नवरात्र की षष्टी तिथि को माता कात्यायनी देवी की पूजा के साथ बेलबारण पूजा की जाएगी। बता दें कि रेलवे क्लब इस वर्ष अपना 63वां स्थापना दिवस मना रहा है। पंडाल 60 फीट बाई 60 फीट का बनाया जा रहा है। पंडाल को अयोध्या के श्री राम मंदिर रूप दिया जा रहा है।

कोलकाता के मशहूर कलाकार सुरेश दास अपने अन्य सहयोगियों के साथ बरवाडीह के काली टेंट



हाउस के अजीत सहाय के सहयोग से पंडाल के निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में लगा है। पूजा पंडाल को बनाने में तीन लाख से अधिक का खर्च किया जा रहा है। वहीं नारायण प्रजापति (दूधी उत्तर प्रदेश) के मूर्ति कलाकार द्वारा 11 फीट से अधिक ऊंची मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 41000 से अधिक खर्च किया जा रहा है। इसके अलावे रेलवे क्लब पूजा पंडाल में आकर्षक सजावट, भव्य रावण दहन और क्लब परिसर में झूला मेला आदि भक्तों को आकर्षित करेगा। रेलवे क्लब पूजा पंडाल में इस बार 7 लाख से अधिक खर्च होने की उम्मीद है।

पूजा पंडाल को भव्य रूप एवं आकर्षक बनाने में कमेटी के अध्यक्ष विकास शुक्ला, सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (एडीएमई), सचिव रणजीत कुमार सिंह राणा, मुख्य संरक्षक विवेकानंद बासु वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य निरीक्षक), जुगनू कुमार दास वरीय अनुभाग अभियंता (समाडी), एके द्विवेदी वरीय स्टेशन प्रबंधक, सरोज कुमार सिंह वरीय अनुभाग अभियंता (समाडी), अरूण कुमार स्टेशनप्रबंधक, वशीरअहमद मुख्य क्रू नियंत्रक, अरूण कुमार वरीय अनुभाग अभियंता (रेल पथ), जेके शर्मा वरीय अनुभाग अभियंता (संकेत), एके पातर वरीय अनुभाग अभियंता (लोको), आलम सर वरीय अनुभाग अभियंता (टेल कम), ओपी ठाकुर आरपीएफ इंस्पेक्टर, राजू रहमान वरीय अनुभाग अभियंता विद्युत (सामान्य), राकेश कुमार सिंह फार्माशिस्ट, किशोर मालाकार सहायक सामग्री प्रबंधक आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# पर पीड़ा को अपना समझकर दूर करने का प्रयास ही सबसे बड़ा मानव धर्म : अनन्या

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर** दूसरों की पीड़ा को अपना समझ कर उसे कम करने का प्रयास करें। यही सबसे बड़ा मानव धर्म है। उक्त बातें जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ में सिवनी मालवा मध्य प्रदेश से पधारी कथा व्यास अनन्या शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि जब नारद जी से युधिष्ठिर नें प्रश्न पूछा कि दुनिया का सबसे बड़ा धर्म कौन सा है, तब नारद जी ने कहा कि दुनियां का सबसे बड़ा धर्म किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाना है। हमेशा दूसरों की पीड़ा को कम करने का प्रयास करना चाहिए। यही बात रामचरित्र मानस में तुलसीदास ने भी कही है। परहित सरस धर्म नहीं भाई। पर पीड़ा सम





नहीं अधमई। उसके पश्चात नारद ने युधिष्ठिर को स्त्री और पुरुष के धर्म के विषय में विस्तार से बताया। तत्पश्चात वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि राजा बली एक बहुत बड़े दानवीर थे। उनसे जो भी मांगा जाता था वह दान कर देते थे, परंतु उनके अंदर यह अहंकार था कि मुझसे बड़ा दानी कोई हो ही नहीं सकता है। तब भगवान ने वामन अवतार धारण कर तीन पग में संपूर्ण ब्रह्मांड पाताल और धरती को नाप कर राजा बाली का घमंड चूर किया। इसलिए कहा जाता है कि अहंकार जब अपने चरम पर होता है तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम रसातल की ओर जा रहे हैं। प्रवचन के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा कथा पंडाल आनंद में डूब गया। कथा के दौरान बामन अवतार एवं कृष्ण जन्म की झांकी भी प्रस्तुत की गई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का इलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### गडकरी ने अटारी सीमा पर 418 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब में अटारी सीमा पर स्थापित देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर उसका उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और अमृतसर बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी गुरुवार को पंजाब के दौरे पर रहे। उन्होंने पंजाब के लोक निर्माण विभाग मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ और अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला के साथ दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और अमृतसर बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर पंजाब में अटारी सीमा पर स्थापित देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। यह राष्ट्रीय ध्वज 418 फीट ऊंचा है। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी थे।

### कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन की जमानत 6 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत 6 नवंबर तक बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर के अपने आदेश में सत्येंद्र जैन को दी गई अंतरिम जमानत 6 नवंबर को अगली सुनवाई तक बढ़ा दी थी। मई में जैन को चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत कई शर्तों के साथ दी गई थी, जिसमें मीडिया से बात करने पर रोक और बिना अनुमति के दिल्ली छोड़ने पर रोक शामिल थी। मामले को 6 नवंबर 2023 को अपराह्न 03:00 बजे न्यायमूर्ति एएस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें। इस बीच, पहले दी गई अंतरिम जमानत को सुनवाई की अगली तारीख यानी 6 नवंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

### पुणे में प्रशिक्षण के दौरान विमान क्रैश, प्रशिक्षु पायलट घायल

**मुंबई।** पुणे जिले के बारामती तहसील में स्थित कटफल गांव में रेडबर्ड कंपनी का प्रशिक्षण विमान लैंडिंग के दौरान गुरुवार को शाम 4 बजे के करीब अचानक क्रैश हो गया। इस घटना में प्रशिक्षु पायलट शक्ति सिंह घायल हो गए। उसे तत्काल बारामती के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।
बारामती में स्थित कटफल में पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले कुछ दिनों से यहां पायलटों को ट्रेनिंग दी जा रही है। आज प्रशिक्षु पायलट विमान उड़ाने और लैंडिंग करने की प्रैक्टिस कर रहे थे। अचानक लैंडिंग करते समय विमान क्रैश हो गया। इस घटना में प्रशिक्षु पायलट घायल हो गए, जिनका बारामती के अस्पताल में इलाज जारी है।

### चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवंबर तक बढ़ी

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवंबर तक बढ़ा दी। नायडू को राजमुंड्री सेंट्रल जेल से वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। जज ने हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। नायडू ने जज से कहा कि उन्हें जेल में अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है। जज ने उनसे यह बात लिखित में देने को कहा। जज ने जेल अधिकारियों को नायडू द्वारा लिखे जाने वाले पत्र को अदालत के सामने रखने का निर्देश दिया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष ने न्यायाधीश को अपने सामने आ रही स्वास्थ्य समस्याओं से भी अवगत कराया। जज ने जेल अधिकारियों को चंद्रबाबू नायडू की मेडिकल रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने जेल अधिकारियों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति और उनके इलाज के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी ली। सीआईडी ने नायडू को मुख्यमंत्री रहते हुए हुए कथित घोटाले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था। अगले दिन विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने उन्हें 22 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बिहार : सादगी, सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। मोतिहारी**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी की विरासत को समझने और आत्मसात करने के लिए आप सब को सादगी और सच्चाई के अच्छे परिणामों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि मैं अनुभव पर आधारित दृढ़ विश्वास से कहती हूं कि सादगी और सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख, शांति और प्रसिद्धि का मार्ग है। पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आज से लगभग 106 वर्ष पहले चंपारण में गांधीजी के कहने पर लोगों ने सामाजिक समानता और एकता का रास्ता अपनाया और ब्रिटिश हुकूमत को झुकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आज भी सामाजिक समानता और एकता का वही रास्ता देशवासियों को आधुनिक विकास के रास्ते पर आगे ले जाएगा और भारत एक विकसित देश के रूप में प्रतिष्ठित होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या लगभग 60 प्रतिशत है। होनहार छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और बढ़ते हुए आत्म-विश्वास में मुझे भविष्य के विकसित भारत का स्वरूप दिखाई देता है।

राष्ट्रपति के शाम को पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू पहली बार बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचीं। वे राजभवन में ठहरी हैं। राष्ट्रपति शुक्रवार को गया जिले में स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

# सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा : शाह




**एजेंसी। जगदलपुर**

बस्तर जिले के तीन विधानसभा उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार करने के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को जगदलपुर पहुंचे। उन्होंने लालबाग मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन दीपावली मनानी है, पहली त्योहार की, दूसरी 03 दिसंबर को कमल की सरकार बनने पर और तीसरी दीपावली राम मंदिर का शुभारंभ होने पर मनेगी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि बस्तर नक्सली क्षेत्र माना जाता था, एक बार फिर से भाजपा को मौका दे दो पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र ऐसा है, जहां पुलिस का जवान मरता है तो भी आदिवासी मरता है, नक्सली मरता है तो भी आदिवासी मरता है और आम नागरिक मरता है तो भी आदिवासी मरता है। उन्होंने कहा कि आपके पास दो विकल्प हैं, एक नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार और दूसरी भाजपा सरकार, जो नक्सलवाद को समाप्त करेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी के विकास के लिए 75 हजार करोड़ रुपये दिए हैं, जिससे पानी, बिजली, स्कूल जैसे सुविधाएं पहुंचाई है।

# एईपीएस में मौजूद फॉल्ट के मार्फत लोगों को टारगेट कर रहे साइबर ठग

**आरएनएम। नई दिल्ली**

देश में जनवरी 2020 से जून 2023 के बीच रिपोर्ट किए गए साइबर क्राइम में 75 प्रतिशत से ज्यादा वित्तीय स्कैम थे। आईआईटी कानपुर के अनुसार जिन वित्तीय फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई, उनमें ज्यादातर डिजिटल बैंकिंग व यूपीआई पेमेंट्स से जुड़े थे। अब इन साइबर अपराधियों ने हाल ही में लॉन्च हुए आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (एईपीएस) में मौजूद फॉल्ट के जरिए लोगों को टारगेट कर रहे हैं। इस स्कैम के नए तरीके में सबसे भयावह बात यह है कि पीड़ित व्यक्ति को ओटीपी, लिंक या कोई ईमेल भी नहीं मिलता। साइबर ठग आधार कार्ड के लिए रजिस्टर्ड आपकी बायोमीट्रिक डिटेल को एक्सेस करके आसानी से आपके सारे पैसे चुरा सकते हैं। ये स्कैमर किसी पीड़ित व्यक्ति के बैंक का नाम और अकाउंट डिटेल्स के जरिए फिंगरप्रिंट डिटेल्स एक्सेस कर लेते हैं। सबसे खराब बात है कि जो लोग एईपीएस स्कैम में टारगेटेड हैं उन्हें अपने बैंक अकाउंट से पैसे निकलने का कोई एसएमएस तक नहीं मिलता। आमतौर पर ये स्कैमर्स होटल, फोटोग्राफी शॉप व लोकल साइबर कैफे में अपने पीड़ित की तलाश करते हैं। क्योंकि आमतौर पर ये वो जगहें हैं जहां लोग अपनी आधार डिटेल्स सबमिट करते हैं। एक बार किसी व्यक्ति की आधार डिटेल हाथ में आते ही ये साइबर क्रिमिनल्स उनके बैंक अकाउंट पर नजर रखते हैं। इस स्कैम का जरूरी पहलू है फिंगरप्रिंट डिटेल्स। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रिमिनल्स सरकारी कार्यालय जैसे रजिस्ट्री ऑफिस आदि से फिंगरप्रिंट डिटेल्स लेने की कोशिश करते हैं क्योंकि यहां लोग रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से अपने फिंगरप्रिंट सबमिट कराते हैं। फिंगरप्रिंट्स लेने के लिए सिलिकॉन थंब का इस्तेमाल किया जाता है। और फिर इन्हें एईपीएस का इस्तेमाल करके पीड़ित व्यक्त के अकाउंट से पैसे निकालने के लिए उपयोग किया जाता है।

### आधार-इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम क्या है?

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने हाल ही में आधार-इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम लॉन्च किया है। इस सिस्टम को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व यूआईडीएआई द्वारा बनाई गई गाइडलाइन्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस इनोवेटिव सिस्टम के मार्फत आधार कार्ड होल्डर कई फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन परफॉर्म कर सकते हैं। इनमें कैश डिपॉजिट, फंड विड्रॉल, अकाउंट बैलेंस चेक करना, मिनी स्टेटमेंट निकालना, आधार-टू-आधार फंड ट्रांसफर करना, ट्रांजैक्शन ऑथेंटिकेशन और भीम आधार के जरिए पेमेंट करने जैसे काम शामिल हैं। ये सभी काम सिर्फ तीन जरूरी डिटेल- बैंक का नाम, आधार नंबर और बायोमीट्रिक ऑथेंटिकेशन के जरिए किए जा सकते हैं।

### इससे बचने के लिए क्या करें

- अपने आपको एईपीएस स्कैम से बचाने के लिए जरूरी है कि आधार बायोमेट्रिक डिटेल्स को लॉक रखें।
- यूआईडीएआई की वेबसाइट या एमआधार मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करके आधार डिटेल्स को लॉक किया जा सकता है। सभी आधार धारकों के लिए डिफॉल्ट सेटिंग्स में एईपीएस हमेशा इनेबल रहता है। इसलिए इस बार को हमेशा याद रखें और अपना डेटा सेफ रखने के लिए इसे डिफॉल्ट सेटिंग्स में जाकर डिसेबल कर दें।
- बायोमेट्रिक डिटेल्स लॉक करने और एईपीएस डिफॉल्ट सेटिंग को डिसेबल करने के लिए आपको अपने स्मार्टफोन में एमआधार ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ साइन अप करना होगा।
- इसके बाद आपको आधार डिटेल्स वेरीफाई करनी होंगी और फिर आपको बायोमेट्रिक डेटा लॉक करने का ऑप्शन मिलेगा।
- इस डेटा को लॉक करने का ऑप्शन हमेशा मौजूद रहता है। आप चाहें तो इसे लॉक करके अपने आधार नंबर को सुरक्षित कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन सर्विसेज के लिए आधार नंबर और ओटीपी का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-ईडी मनमर्जी से लोगों को गिरफ्तार नहीं कर सकती

# धारा 50 पीएमएलए में गिरफ्तारी की शक्ति नहीं

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों। अदालत ने कहा, पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है। इसमें कहा गया, हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए समन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक योजना के विपरीत होगी। अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। मित्तल ने उक्त ईसीआईआर से निकलने वाली सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की। ऐसा तब हुआ जब मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया। यह उनका मामला था कि उन्हें इस बात की प्रबल आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा और बलि का बकरा बनाया जाएगा।

### जिला जज ही करेंगे ज्ञानवापी परिसर के व्यासजी के तहखाने मामले की सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी। जिला जज ने व्यास परिवार का आवेदन मंजूर करते हुए गुरुवार को कहा कि इस केस को सिविल जज सीनियर डिवीजन से वापस लेकर जिला जज की अदालत में सुना जाएगा। व्यासजी के तहखाने को लेकर वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में वाद दाखिल किया था। इसके बाद उन्होंने इस मामले को जिला जज की अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। व्यास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में यह याचिका दाखिल की थी।




### 'टाइगर 3' में सलमान खान के लिए पहली बार गाएंगे अरिजीत सिंह



**गायक** अरिजीत सिंह और सुपरस्टार सलमान खान के बीच विवाद खत्म हो गया है। अब अरिजीत 'टाइगर 3' में अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। वाईआरएफ प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने 'टाइगर 3' के दो गानों के लिए अरिजीत को चुना है। अरिजीत का पहला गाना 'लेके प्रभु का नाम' सोमवार को रिलीज होगा। यह एक डांस नंबर है जिसमें सलमान और कैटरीना कैफ हैं। वहीं दूसरा गाना एक रोमांटिक ट्रैक है जो दर्शकों और प्रशंसकों के दिलों को छू जाएगा। निर्देशक मनीष शर्मा ने कहा, हम 'लेके प्रभु का नाम' के अगले सप्ताह रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। यह एक अनोखा पार्टी ट्रैक है और इसमें सलमान के स्वैग के साथ अरिजीत की आवाज का होना खास है। साथ ही कैटरीना की सुंदरता इसे हर किसी को नाचने पर मजबूर करने का परफेक्ट फॉमूर्ला बनाती है।" संगीत निर्देशक प्रीतम ने कहा, यह एक ऐसा सहयोग है जो मैं होने की प्रतीक्षा कर रहा था। सलमान खान सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं और अरिजीत सिंह हमारी पीढ़ी के शीर्ष गायक हैं।

### डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' नजर आएंगे शिव ठाकरे



**अमरावती** के शिव ठाकरे ने दर्शकों के मन में एक अलग जगह बनाई है। 'रोडीज' के 14वें सीजन के बाद वह घर-घर में मशहूर हो गए। शिव ने अपनी ईमानदारी और अच्छे काम के दम पर 'रोडीज' के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब शिवा जल्द ही डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' में दिखेंगे। शिव ठाकरे 'बिग बॉस' मराठी के दूसरे सीजन के विजेता थे। समय के साथ उन्होंने हिंदी सीजन 'बिग बॉस', 'खतरों के खिलाड़ी' के जरिए अपना एक अलग फैन बेस तैयार किया। शिव अब नए शो में एंट्री के लिए तैयार है। शिव जल्द ही 'झलक दिखला जा' 11वें सीजन में हिस्सा लेंगे। पिछले कुछ दिनों से हर तरफ "झलक दिखला जा" के नए सीजन की चर्चा हो रही है। रियलिटी शो 'झलक दिखला जा" के 11वें सीजन के निश्चित 10 प्रतियोगियों के नाम हाल ही में सामने आ गए हैं।

**उपलब्धि** वायु सेना को एचएएल से मिलेगा पहला स्वदेशी तेजस एमके-2 फाइटर

# जीई-414 इंजन के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद

### सौदा पूरा होने पर 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



फ्रांसीसी लड़ाकू राफेल की ताकत वाला 4.5 जेनरेशन का मीडियम वेट फाइटर जेट स्वदेशी तेजस एमके-2 वायु सेना को 6 साल बाद मिलेगा। अमेरिका से जीई-414 इंजन का सौदा एक साल में होने की उम्मीद है और अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। भारत में ही जीई-414 इंजन बनने के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री 60 फीसदी से बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगी। भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी के साथ भारत में ही जीई-414 इंजन बनाने का अनुबंध एक साल में होने की उम्मीद है। इस पर एचएएल सीएमडी ने कहा है कि अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहला विमान रोल आउट होने के बाद तमाम तरह के परीक्षण होंगे, इसलिए तेजस मार्क-2 का उत्पादन होने और वायु सेना में शामिल होने में 6 साल का वक्त लगेगा। अभी फिलहाल तेजस एमके-1ए में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन 'मेड इन इंडिया' जीई-414 जेट इंजन के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री बढ़कर 75 फीसदी हो जाएगी।

भारतीय वायु सेना स्वदेशी शक्तिशाली लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 की डिजाइन को लगभग दो साल पहले ही मंजूरी दे चुकी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। अब अमेरिका से जीई-414 जेट इंजन का सौदा होने के बाद केंद्र सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के छह प्रोटोटाइप पर काम शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। हालांकि अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी अभी भी लंबित है। इसके बावजूद इस सौदे को अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 15 साल या उससे अधिक की अवधि में लगभग 230 एलसीए मार्क-2 विमानों का निर्माण करेगा। एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम से भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही वायु सेना का हवाई बेड़ा भी मजबूत होगा। भारतीय वायु सेना शुरूआत में 108 विमानों का ऑर्डर दे सकती है। बाद में इनकी अंतिम गिनती 230 हो सकती है, जिसके बाद 2030 तक भारत के हवाई बेड़े में लड़ाकू विमान शामिल होंगे।

### एक भावुक प्रेम कहानी है कलर्स का नया शो 'चांद जलने लगा' : कनिका मान



**कलर्स** के नए शो 'चांद जलने लगा' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री कनिका मान ने शो में अपने किरदार के लिए की गई तैयारियों पर खुलकर बात की। 'चांद जलने लगा' में विशाल आदित्य सिंह और कनिका, देव और तारा की भूमिका में हैं। शो की कहानी बचपन के प्यार की असाधारण यात्रा को रेखांकित करती है, जो कभी एक-दूसरे के सहारा थे, लेकिन किस्मत उन्हें अलग कर देती है। जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है 'प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है,' 'चांद जलने लगा' वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका ने कहा, मैं तारा की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है।" कनिका ने कहा, वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है, और वह अपने परिवार की शांतिदूत है। अपनी शांत उपस्थिति के तहत, तारा को अपने बचपन के दोस्त देव की यादें सता रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, तारा एक आत्मविश्वासी और मजबूत लड़की है जो किसी से नहीं डरती। एक बच्ची के रूप में, वह लगभग हर चीज से डरती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, वह स्वतंत्र और आत्मविश्वासी हो गई है।" उन्होंने साझा किया, मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए सबसे अच्छी तैयारी स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से पढ़ना है। इससे मुझे चरित्र की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और भावनाओं को समझने में मदद मिली।"

## गागर में सागर

### जेपीएससी अध्यक्ष ने बीएयू के गिलोय अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा तथा राज्य के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. डीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी संकाय में अवस्थित गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। केन्द्र के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने औषधीय एवं सगन्धीय पौधों तथा एथनोमेडिसिन की खेती को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की। डॉ केरकेट्टा ने खाने योग्य जंगली पौधों तथा जंगली मशरूम के औषधीय गुणों पर विशेष अनुसंधान करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर आईसीएआर के औषधीय एवं सगन्धीय पादप अनुसंधान निदेशालय, आनंद (गुजरात) के निदेशक डॉ मनीष दास, वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह तथा गिलोय अनुसंधान केंद्र के प्रभारी डॉ कौशल कुमार उपस्थित थे।

### रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव



**रांची।** शहर के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ मां दुर्गा के आवाहन से हुई। बच्चों ने आकर्षक धुनेची नृत्य प्रस्तुत किया। डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। महिषासुर मर्दिनी शीर्षक कार्यक्रम में विभु, प्रियांशु आयुष, आनंद ,अमन, उन्नति भट्ट, रचिता, हिमांशी, माही और प्रत्यक्षा की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा आयुष आर्या, आकाश,रचित एवं मनीष के ढाक वादन ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी है। चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि यह पर्व न केवल अन्याय, अत्याचार और अनाचार के प्रतिकार का पर्व है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का संवाहक भी है। यह तमाम विविधताओं के बीच समाज और देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनीता वर्मा, मीनू सहाय, सतीश कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडू, प्रियंका चक्रवर्ती, विभा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव तथा सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### महिलाओं को शस्त्र रखना जरूरी : रेणु



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी ने गुरुवार को शस्त्र पूजन किया। प्रांत धर्म प्रसार सह परियोजना सहप्रमुख रेणु अग्रवाल कहा कि महिला को शस्त्र रखना जरूरी है। सभी को शस्त्र चलाना आना चाहिए। शस्त्र रखने की प्रथा हमारे देवी देवताओं से ही लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा महिला इकाई दुर्गा वाहिनी की बहनों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सभी को मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी ने से जुड़ने का निवेदन किया। इस अवसर पर वाहिनी की महिलाएं मौजूद रहीं।

### राजेन्द्र प्रसाद ने रघुवर दास को दी बधाई

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी है। श्री प्रसाद ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व संगठन में अपने दायित्व को बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि श्री दास के अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता और सरकार को मिलेगी। वह झारखंड में एक अच्छे प्रशासक रूप में रहें हैं। उन्होंने जनता के प्रति काफी सेवा किया है। वह उड़ीसा की जनता का काफी ख्याल रखेंगे।

### सांसद संजय सेठ ने पूरा किया एक और चुनावी वायदा

# ग्रामीणों को मिला रेलवे अंडरपास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खिजरी विधानसभा के सौदाग पंचायत में रेलवे लाइन के नीचे बनाए गए अंडर पास सबवे का उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर रांची के मंडल रेल प्रबंधक श्री जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार सहित कई अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। विदित हो कि सांसद संजय सेठ बतौर भाजपा उम्मीदवार जब उसे क्षेत्र में गए थे, तो स्थानीय ग्रामीणों ने उनसे यह मांग की थी कि यहां एक अंडरपास का निर्माण कराया जाए। ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके। अंडर पास नहीं होने के कारण ग्रामीण रेलवे की पटरी पर कर आवाजाही करते थे। इस कारण उनके जान माल पर हमेशा खतरा बना रहता था। कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हुई थी। सांसद श्री सेठ ने उसे समय ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि वह बहुत जल्द चुनाव जीतने के बाद इस पर काम शुरू करेंगे और अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। सांसद संजय सेठ इसके लिए लगातार प्रयासरत रहे और अंततः रेलवे के द्वारा इसकी स्वीकृति की गई, डीपीआर बना और अंडरपास बनकर तैयार हो गया। लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ यह अंडर पास 40 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और 3.5 मीटर इसकी ऊंचाई है। इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण काफी खुश दिखे। सांसद संजय सेठ ने इस अंडरपास के निर्माण पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसीलिए हम कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है। देश में एक ऐसी सरकार बनी है, जो सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास नहीं करती बल्कि नियत समय के अंदर उसका उद्घाटन भी करती है। जब मैं चुनाव के दौरान इस क्षेत्र में आया था तो ग्रामीणों की परेशानी देखकर मुझे भी लगा था, यह गंभीर विषय है। इस पर काम करना चाहिए। लगातार कार्य करने और सारी लंबी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद अंतत आज अंडरपास बनकर तैयार हो गया। अब ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सकेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सांसद श्री सेठ के प्रति आभार जताया।

## सदर अस्पताल में भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने की कन्या पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के आह्वान पर नवरात्रि में ही कन्या पूजन क्यों, वर्ष भर कन्या पूजन क्यों नहीं किया जाता है उनके इसी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 2 सालों से पूरे राष्ट्र में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रांची सदर हॉस्पिटल में नवरात्र में पहले दिन से ही 21 कन्या का पूजन किया गया। दूसरे दिन भी 15 कन्या का पूजन किया गया। तीसरे दिन भी 21 कन्या का पूजन किया गया। चौथ दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बधवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया के द्वारा 25 कन्या का पूजन किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल खेतान मुख्य रूप से उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल जी ने मंच की ओर से उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा सभी नवजात कन्याओं को कपड़े, खिलौने, साड़ी, चादर, फल बिस्किट जरूरत के अन्य समान एवं शगुन के लिफाफा दिए जाते हैं। डॉक्टर खेतान ने मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर, बीना मोदी, मधु सराफ, रीना सुरेखा, छाया अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, प्रीति बंका, उर्मिला पाड़िया, मंजू गड़ोदिया, मीरा अडूकिया आदि बहनों का सहयोग रहा।

## सरकार की एक चिट्ठी ने उड़ा दी उपभोक्ता फोरम की नींद




**रांची।** राज्य सरकार के एक पत्र ने उपभोक्ता फोरम की नींद उड़ा दी है। पहले से ही अध्यक्ष और सदस्य की कमी से जूझ रही उपभोक्ता फोरम अब कर्मचारियों की कमी से जूझने जा रही है। कर्मचारियों की कमी ऐसे ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम पर भारी पड़ेगी, जिसके कारण जनवरी 2024 के बाद कोर्ट की सुनवाई पूरी तरह से बंद हो जाएगी। दरअसल, राज्य सरकार ने आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे कर्मचारियों की सेवाएं जनवरी 2024 के बाद खत्म करने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से राज्य उपभोक्ता आयोग और जिलों में बनी उपभोक्ता फोरम में कार्यरत 216 कर्मचारी एक साथ बाहर हो जायेंगे। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष बसंत कुमार गोस्वामी सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहते हैं कि अगर इसे लागू किया गया तो व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। जिला उपभोक्ता न्यायालय से लेकर राज्य उपभोक्ता आयोग में ये लंबे समय से कार्यरत हैं जो प्यून, स्टेनो और लिपिकीय कार्य को करते हैं।

## संकुचित मानसिकता के दायरे से बाहर निकलें भाजपा : बंधु




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा और इसके नेताओं को झारखंड के हित में संकुचित मानसिकता से बाहर निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की लूट मची है। उसपर भी जमीन के मामले में अनेक वैसे स्वार्थी तत्व संलिप्त हैं, जिन्हें झारखंड से कोई लेना-देना नहीं है। तिर्की रांची के अपर बाजार स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से हटकर राज्यहित में जब से झारखंड बना तब से लेकर अब तक जमीन में हुई भ्रष्टाचार और घोटाले को लेकर भाजपा आमने-सामने चर्चा करें। कोई भी राजनीतिक दल हो या उसका नेता-कार्यकर्ता उसका उद्देश्य जनहित में काम करना है। इसके लिए सत्ता एक माध्यम बनकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भी बहुत बड़ी भूमिका है लेकिन सत्ता के लिए वैसी छटपटाहट नहीं होनी चाहिए जैसी अभी झारखंड भाजपा के नेताओं में है। उन्होंने कहा कि 2000 में राज्य गठन के बाद 23 साल गुजर जाने पर भी अबतक झारखंड के लोगों की स्थिति ऐसी क्यों है जबकि अधिकांश वक्त तक प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही है।

## रांची में त्योहारों को लेकर जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति का जागरुकता मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दुर्गोत्सव के दौरान सप्तमी, अष्टमी और महानवमी को शराब बंदी, श्रद्धालुओं से चार पहिया वाहन उपयोग न करने के लिए रांची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति ने गुरुवार को जागरुकता मार्च निकाला। मार्च जिला स्कूल कैंपस से फिरायालाल चौक तक निकाला गया। इस दौरान आम लोगों के साथ प्रशासन से तीन दिवसीय सप्तमी अष्टमी और नवमी को पूर्ण रूप से शराबबंदी व साथ ही जयपाल सिंह स्टेडियम, जिला स्कूल कैंपस, रांची विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन कैंपस को दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। मार्च में उपस्थित सुरक्षा समिति के स्वयंसेवकों ने हाथ में तख्तियां लेकर श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि महिलाएं कीमती आभूषण पहनकर पूजा घूमने से बच्चे व साथ ही अपने साथ मेला घूमने ले जाने वाले छोटे बच्चों के पॉकेट में अपना, पता, नाम और फोन नंबर अवश्य डालें। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति और रांची जिला युवा दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि राजधानी रांची में इस समय तीन-तीन फ्लाइओवर का निर्माण हो रहा है, जिस कारण जाम की स्थिति पूर्व से बनी हुई है।

### रांची में 25 अक्टूबर तक शराब की खरीद-बिक्री पर लगे रोक : सुरक्षा समिति

**रांची।** रांची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति की ओर से गुरुवार को जिला स्कूल कैंपस से अल्बर्ट चौक तक जागरूकता मार्च निकाला गया। मांग की गयी कि दुर्गोत्सव के दौरान सप्तमी, अष्टमी और नवमी को रांची में शराब की खरीद-बिक्री पर पाबंदी लगाया जाए। 25 अक्टूबर तक शहर में चार पहिया वाहन घुसने पर भी रोक लगायी जाए। जयपाल सिंह स्टेडियम, जिला स्कूल कैंपस, रांची विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन कैंपस में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पार्किंग व्यवस्था की जाए। सुरक्षा समिति ने कहा कि महिलाएं कीमती आभूषण पहनकर पूजा घूमने से बचें। मेला घूमने ले जाने वाले छोटे बच्चों के पॉकेट में अपना पता, नाम और फोन नंबर अवश्य डालें। युवा दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि राजधानी में इस समय तीन-तीन फ्लाइओवर का निर्माण हो रहा है।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय लोहरदगा।
(समाज कल्याण)

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

विन्तीय वर्ष–2023–24 के लिए लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में नि:शक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र एवं उपकरण एवम् विन्तीय वर्ष–2022–23 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी उन्तीर्ण होने वाली तथा बैंचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विशेष यंत्र उपकरणों का नाम निम्न है :–

| क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम | क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्राईसाईकिल (वयस्क) | 4 | श्रवण यंत्र (डिजिटल) |
| 2 | व्हील चेयर (वयस्क) | 5 | ब्लाईण्ड स्टिक |
| 3 | वैषाखी (वयस्क/मध्यम) | 6 | बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल |

सम्बन्धित नियम एवं शर्तें लोहरदगा जिला के बेबसाइट www.lohardaga.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय,लोहरदगा के सूचना पट्ठ पर भी देखा जा सकता है।

निविदादाता मुहर बन्द लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय,पाण्डेय शहीद गणपत राय भवन,लोहरदगा में दिनांक 01.11.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् तक निविदा जमा करेंगे तथा निविदा उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् समाहरणालय सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 309620 (Lohardaga) 23-24 (D)

### कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

**सूचना**

अपर मुख्य सचिव, स्वा0 चि0शि0 एवं प0क0वि, झारखण्ड सरकार का पत्रांक–32 (5)ब योजना दिनांक–25.05.2023 के आलोक में जिला चतरा शहरी क्षेत्र अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी व मलिन बस्तियों में आवासित लोगों वंचित, निर्धन, गरीब परिवार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल मुहल्ला क्लीनिक का संचालन हेतु आयुष चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी Part Time चिकित्सकों की सूचीबद्ध करने हेतु Walk in Interview दिनांक–14.10.2023 को निर्धारित की गई थी। इससे संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक–1680 दिनांक–11.10.2023 PR. 308559 Health Med Edu and Family Welfare (23-24):D को विभिन्न समाचार पत्रों में किया गया था। उक्त निर्धारित Walk in Interview में निम्नांकित अभ्यर्थी सफल हुए है।

1. सविता कुमारी, पिता–नंदलाल राम
2. अवशेष त्रिपाठी, पिता–गोविन्द नाथ त्रिपाठी

अतएव निदेशित किया जाता है कि एक सप्ताह के अंदर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 309549 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू
Email ID – ahdplm@gmail.com Mobile No - 9934529928

**–: आवश्यक सूचना :–**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में चयनित लाभुकों के लिए आवश्यक सूचना–**

निदेशानुसार वितीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में पलामू जिला अन्तर्गत चयनित वैसे लाभुक जिनके द्वारा अभी तक परिसम्पति लेने हेतु लाभुक अंशदान जमा नहीं किये है वो 15 दिनों के अन्दर अपना लाभुक अंशदान जमा करते हुए संबंधित पशु चिकित्सक से सम्पर्क कर अपना परिसम्पति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा अनुदान की राशि सरकार द्वारा वापस ली जा सकती है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.309537 District(23-24):D

### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

**आवश्यक सूचना**

मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची के पत्रांक– 562 दिनांक– 07.10.023 के आलोक में लातेहार जिला के वैसे पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिनके पास दुधारू मवेशी के क्रय–विक्रय का अनुभव प्राप्त नहीं है, यद्यपि वे न्यूनतम तीन वर्शो से दुधारू मवेशी यथा गाय/भैंस पालन करते हो एवं दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हों, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक– 27.10.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में समर्पित करना कृपया सुनिश्चित किया जाय।

चयन निम्नवर्णित अर्हता के अनुरूप किया जायेगा :–

1. पशुपालक झारखण्ड के स्थायी निवासी होने चाहिए।
2. पशुपालक को व्यस्क एवं साक्षर होना चाहिए।
3. उनके पास दस डिसमील जमीन होना चाहिए।
4. तीन महीने के अन्दर बीस दुधारू गाय/भैंस का आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक– 27.10.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में समर्पित करेगें।

नोटः– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 309526 Animal Husbandry (23-24)_D


## पृष्ठ एक के शेष

**एक बच्चा समेत 16 नाबालिग...**
अंजनी अंजन ने कहा कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, लातेहार और महुआडांड़ थाना में मानव तस्करी के मामले दर्ज किये गये हैं। मानव तस्करों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अनुसंधान में पता चला कि मानव तस्करों की एक श्रृखंला है। सबसे पहली कड़ी सर्पोटर की होती है। वह गांव व कस्बों से पीड़ितों की पहचान करते हैं और उन्हें पैसों का लालच देकर कुरियर तक पहुंचाते हैं। कुरियर दूसरी कड़ी होते हैं। सबसे बड़ी कड़ी प्लेसमेंट एजेंसी होती है। ये एजेंसियां बच्चे व बच्चियों को क्लाइंट तक पहुंचाते हैं। इसके एवज में वे मोटी रकम लेते हैं। एसपी ने बताया कि कई बार बच्चियों के साथ मारपीट व यौन शोषण तक किया जाता है। उनके पास मोबाइल फोन या किसी प्रकार का संपर्क साधने का साधन नहीं होता है। प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा पैसों का गबन भी किया जाता है। रेस्क्यू टीम में पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि कुमार सुमित यादव, आशुतोष कुमार यादव, मो जफर आलम, अजय कुमार दास, राहुल कुमार मेहता, दिलीप कुमार दास के अलावा पुलिस श्रीकांत कुमार, पंकज कुमार, महिला पुलिस मुगी सोरेन, गोदविला कुजूर शामिल थे।

**राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को...**
क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। यहां लगभग 2। 75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन का सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिया किया जा रहा है, जो भविष्य में कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए विस्तारित किया जा सकेगा।

**250 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा :** अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2। 75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑथोपीडिक, गायनोकॉलोजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी सेवा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवा, रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, डाइटरी सर्विसेस की भी व्यवस्था यहां होगी। अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल के अंदर पार्किंग, फामेर्सी, एटीएम, कैंटीन इत्यादि की व्यवस्था भी रहेगी ।

**डेढ़ लाख लोग सीधे तौर पर होंगे लाभान्वित :** रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई इंस्टीट्यूशंस, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के जीएम राकेश कुमार नंदकुलियार, रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, आईटी ऑफिसर राजेश कुमार तथा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के वाईस प्रेसिडेंट डॉ करण ठाकुर एवं आर्किटेक्चरल कंसलटेंट रोशन जॉन चिरायत मौजूद थे।

**शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी...**
तिवारी ने प्रेम प्रकाश की मदद से 19 जिलों में शराब का थोक कारोबार हासिल किया था। इस कारोबार को हासिल करने के लिए राजनेताओं, अफसरों को घूस देने की बात भी ईडी की जांच में सामने आयी है। शराब कारोबार हासिल करने के लिए अलग अलग कंपनियां योगेंद्र तिवारी ने अपने स्टाफ के नाम पर बनायी थी। इन कंपनियों के खातों में टेंडर हासिल करने के लिए पैसे की मनी लाउंड्रिंग भारी पैमानें पर की गई थी। जिन खातों में पैसा नहीं था, उनमें करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद कंपनी को जिलावार दुकानों में शराब आवंटन का काम मिला था।

**बाबूलाल मरांडी का बढ़ा...**
सबसे बड़ी आंतरिक चुनौती यह मानी गई कि वे पार्टी के दो कद्दावर नेताओं रघुवर दास और अर्जुन मुंडा के गुटों के साथ संतुलन कैसे साधेंगे। लिहाजा, अब पार्टी ने उनकी इस चुनौती को साधने की रणनीति के तहत रघुवर दास को झारखंड की राजनीति से दूर कर दिया है। रही बात अर्जुन मुंडा की, तो उन्हें केंद्रीय मंत्री के अपने कामकाज पर फोकस करने को कहा गया है। यानी अर्जुन मुंडा दिल्ली में रहेंगे तो दूसरी तरफ रघुवर दास ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में।
झारखंड की भाजपा अब बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में चलेगी। उन्हें पार्टी में आंतरिक मोर्चे पर रघुवर दास और अर्जुन मुंडा की तरफ से अब कोई चुनौती नहीं मलेगी। रघुवर दास को ओडिशा को राज्यपाल बनाए जाने के दो दिन पहले ही पार्टी ने अमर बाउरी को भाजपा विधायक दल का नया नेता बनाया। बाउरी को बाबूलाल मरांडी का करीबी माना जाता है। उनसे मरांडी को कोई चुनौती मिलने के आसार नहीं हैं। रघुवर दास को ओडिशा भेजने के साथ पार्टी ने प्रकारांतर से झारखंड में मुख्यमंत्री का चेहरा साफ कर दिया है। पार्टी यहां आने वाला लोकसभा और विधानसभा चुनाव मरांडी के नेतृत्व में लड़ेगी। रघुवर दास यदि झारखंड की राजनीति में सक्रिय तौर पर बने रहते तो भाजपा के लिए ऐसा करना थोड़ा मुश्किल था। भाजपा के नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड में 'फ्री-हैंड' देने की रणनीति बनाई और इस मकसद को साधने के लिए रघुवर को प्रदेश की राजनीति से दूर कर दिया गया। रघुवर दास को सक्रिय राजनीति से दूर करने के पीछे एक और फैक्टर है। वह है उनकी उम्र। रघुवर दास 68 साल के हो चुके हैं। उम्र के लिहाज से अगले पांच-सात सालों तक अप्रासंगिक नहीं होने वाले थे, लेकिन उन्हें झारखंड में फ्रंट पर रखकर लंबी प्लानिंग में मुश्किल जरूर होती। वैसे भी राज्य में हेमंत सोरेन की मौजूदा सरकार को चुनौती देने के लिए आदिवासी नेतृत्व भाजपा की सख्त जरूरत है। पार्टी बाबूलाल मरांडी को इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त मान रही है। राज्यपाल जैसे पद का दायित्व सौंपे जाने से रघुवर भी खुश हैं। वह मान रहे हैं कि पार्टी ने उन्हें उनकी वफादारी और लंबी सेवा का इनाम दिया है।




# भारत की लगातार चौथी जीत



## बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**एजेंसी। पुणे**

वनडे विश्व कप 2023 के 17वें मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। इस टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार चौथी जीत है और अंक तालिका में टीम इंडिया दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 256 रन बनाए और भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। वनडे विश्व कप में यह टीम इंडिया की लगातार चौथी जीत है। इस जीत के साथ ही भारत ने अंक तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 256 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 41.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 261 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए विराट कोहली ने छक्के के साथ मैच खत्म किया। इसी छक्के के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना 48वां शतक भी पूरा किया। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 66 रन लिटन दास ने बनाए। वहीं, तंजीद हसन ने 51 रन की पारी खेली। अंत में महमुदुल्लाह ने 46 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 250 रन के करीब पहुंचाया। मुश्फिकुर रहीम ने 38 रन का योगदान दिया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए विराट कोहली ने नाबाद 103 रन बनाए। शुभमन गिल ने 53 और रोहित शर्मा ने 48 रन का योगदान दिया। लोकेश राहुल ने भी नाबाद 34 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने दो और हसन महमूद ने एक विकेट लिया। भारत का अगला मैच न्यूजीलैंड के साथ है। दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर हैं और यही दोनों टीमें हैं, जो अब तक अजेय हैं। ऐसे में 22 अक्तूबर को होने वाला यह मैच बेहद रोमांचक होगा।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टीम इंडिया को जीत की बधाई दी है। उन्होंने लिखा एक और असाधारण खेल! बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत पर हमें अपनी क्रिकेट टीम पर गर्व है। विश्व कप के दौरान हमारी टीम शानदार फॉर्म में है। अगले मैच के लिए शुभकामनाएं।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 51 | 43 | 5 | 3 |
| लिटन कुमार दास | 66 | 82 | 7 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 8 | 17 | 0 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 3 | 13 | 0 | 0 |
| मो. तौहीद हृदोय | 6 | 35 | 0 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 38 | 46 | 1 | 1 |
| महमुदउल्लाह | 46 | 36 | 3 | 3 |
| नासुम अहमद | 14 | 18 | 2 | 0 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 1 | 7 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 7 | 3 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 06, **कुल :** 256/8 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-93, 2-110, 3-129, 4-137, 5-179, 6-201, 7-233, 8-248 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 10-1-41-2, मोहम्मद सिराज 10-0-60-2, हार्दिक पंड्या 0.3-0-8-0, विराट कोहली 0.3-0-2-0, शार्दुल ठाकुर 9-0-59-1, कुलदीप यादव 10-0-47-1, रवींद्र जाडेजा 10-0-38-2

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 48 | 40 | 7 | 2 |
| शुभमन गिल | 53 | 55 | 5 | 2 |
| विराट कोहली | 103 | 97 | 6 | 4 |
| श्रेयस अय्यर | 19 | 25 | 2 | 0 |
| के एल राहुल | 34 | 34 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 261/3 (41.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-88, 2-132, 3-178 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शोरिफुल इस्लाम 8-0-54-0, मुस्तफि जुर रहमान 5-0-29-0, नासुम अहमद 9.3-0-60-0, हसन महमूद 8-0-65-1, मेहदी हसन मिराज 10-0-47-2, महमुदउल्लाह 1-0-6-0



# ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान को हासिल करनी होगी लय



**एजेंसी। बेंगलुरू**

परिपक्वता की पर्याय ऑस्ट्रेलिया और आक्रामकता की मिसाल पाकिस्तान की टीमें विश्व कप के मुकाबले में शुक्रवार को जब आमने सामने होंगी तो उन्हें खेल के हर विभाग में सुधार करके अपने रसूख के मुताबिक प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान को दबाव में बेखौफ क्रिकेट खेलने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार भारत के खिलाफ महा मुकाबले में 1992 चैम्पियन टीम दबाव नहीं झेल सकी। अब सामना ऑस्ट्रेलिया से है और पांच बार की चैम्पियन टीम अपनी ही समस्याओं से जूझ रही है।

ऑस्ट्रेलिया की चुनौती इस समय भारत की तरह दुश्वार भले ही नहीं हो लेकिन उसे हराना आसान नहीं होगा। वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 69-34 का है और 50 ओवरों के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने छह मैच जीते जबकि चार हारे हैं। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमामुल हक ने तीन मैचों में सिर्फ 63 रन बनाए हैं। उन्हें अब्दुल्ला शफीक का बखूबी साथ निभाना होगा जिन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे फखर जमां की जगह ली है।

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 6 | +1.923 |
| भारत | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.659 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

# दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल 2024 के रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस साल के अंत में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी से पहले रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की अपनी सूची जारी की है। दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने 5 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। नीलामी से पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज अपर्णा मंडल, सलामी बल्लेबाज जसिया अख्तर और अमेरिकी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर तारा नॉरिस को टीम से रिलीज कर दिया गया है। मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा, इन खिलाड़ियों को छोड़ना हमारे लिए बिल्कुल भी आसान निर्णय नहीं था। वे सभी हमारे बेहद यादगार उद्घाटन सत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा थे और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पास एक ठोस टीम है और हम आगामी नीलामी में इसे और अधिक संपूर्ण बनाने का लक्ष्य रखेंगे।" सहायक कोच हेमलता काला ने कहा, फ्रेंचाइजी ने पिछले कुछ महीनों में कुछ ऑफ-सीजन शिविरों का आयोजन किया, जिससे हमें एक कोचिंग समूह के रूप में उपलब्ध प्रतिभा पर नजर डालने और हमारी शारीरिक स्थिति और कौशल का आकलन करने की अनुमति मिली। हम नए सीजन में सफल नीलामी की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**विदेशी खिलाड़ी :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेस जोनासेन, मारिजैन कप्प, एलिस कैप्सी, लॉरा हैरिस।

**भारतीय खिलाड़ी :** जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, पूनम यादव, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, तानिया भाटिया, मिन्नू मणि, स्नेहा दीप्ति, तितास साधु।

**गोवा में राष्ट्रीय खेल शुरू**

# पीएम मोदी 26 अक्टूबर को करेंगे औपचारिक उद्घाटन



**एजेंसी। पणजी**

गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेल औपचारिक उद्घाटन से पहले गुरुवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट के साथ शुरू हो गए हैं। गुरुवार सुबह यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, खेल मंत्री गोविंद गौडे और अन्य की मौजूदगी में बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। 37वें राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्घाटन 26 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे प्रधानमंत्री करेंगे। सावंत ने कहा, यह एक सपना है जिसे हमने पिछले 10 वर्षों से संजोया है और यहां इस कार्यक्रम की मेजबानी के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों का यह संस्करण बेहद सफल होगा। मुझे उम्मीद है कि यह भविष्य में एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में चमकने के लिए सभी एथलीटों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगा। हालांकि गोवा अपने समुद्र और रेत के लिए प्रसिद्ध है, हम चाहते हैं कि इसकी खेल क्षमता के लिए भी इसे समान रूप से मनाया जाए। गोविंद गौडे ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास एक महान दृष्टिकोण है और वह भारत को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए प्रत्येक एथलीट को प्रोत्साहित करते हैं।

# हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयार

**एजेंसी। हांगझोऊ**

हांगझोऊ में चौथा एशियाई पैरा खेल नजदीक है। पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत की राजधानी एशियाई खेलों के बाद एक और सफल खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि एशियाई पैरा खेलों के दौरान, 19 प्रतियोगिता स्थलों में 22 खेलों को शामिल किया जाएगा। इनमें से 17 स्थानों को एशियाई खेलों के साथ साझा किया जाएगा। ज़ियाओशान स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में, कर्मचारियों ने एशियाई खेलों के दौरान इस्तेमाल किए गए वेटलिफ्टिंग प्लेटफॉर्म को पावरलिफ्टिंग के लिए नए उपकरणों से बदल दिया है।

पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के उप निदेशक गुओ किंगहोंग ने कहा, हम इन खेलों के लिए तीन साल से तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पुरस्कार समारोह के लिए मंच, रैंप और पोडियम शामिल हैं, जो एशियाई खेलों से अलग हैं। एशियाई पैरा खेलों के लिए पूरी तरह से नामित स्थानों पर भी आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। तांग्शी टाउन में चीन के राष्ट्रीय गोलबॉल प्रशिक्षण बेस पर, दृष्टिबाधित एथलीटों की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करने के लिए, स्थल के फोयर से लेकर प्रत्येक कार्यात्मक कमरे और प्रतियोगिता क्षेत्र तक स्पर्शनीय फर्श का विस्तार किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एथलीट सुरक्षित और आराम से नेविगेट कर सकें।

एशियन पैरा गेम्स चैनल हांगझोऊ जियाओशान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टी4 टर्मिनल पर स्थापित किया गया है, जो 14-30 अक्टूबर तक प्रतिनिधिमंडलों के आगमन और प्रस्थान को संभालेगा। 325,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैले, एशियाई पैरा खेल गांव को हांगझोऊ एशियाई खेलों के मीडिया गांव से पुनर्निर्मित किया गया है और एशियाई पैरा खेलों के दौरान प्रतिनिधिमंडलों के लिए 3,446 कमरे सुसज्जित होंगे। 30 से अधिक शटल वाहन चौबीसों घंटे परिवहन सेवाएं प्रदान करेंगे। हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स 22 से 28 अक्टूबर तक चलेंगे, जिसमें 22 खेल और 564 स्पर्धाएं प्रदर्शित होंगी।

# मैथ्यूज-चमीरा रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में श्रीलंका टीम से जुड़ेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज और तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा शुक्रवार को लखनऊ में रिजर्व खिलाड़ियों के रूप श्रीलंका की टीम से जुड़ेंगे। देश के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह घोषणा की। मैथ्यूज और चमीरा दोनों ने पिछली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शृंखला अफगानिस्तान के खिलाफ जून में खेली थी। मैथ्यूज 36 साल के हैं और उन्होंने 221 मैच में छह हजार के करीब रन बनाने के अलावा 120 विकेट भी चटकाए हैं। पिछले कुछ समय में हालांकि उन्होंने अधिक गेंदबाजी नहीं की है और विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेले हैं। दाएं हाथ के 31 साल के तेज गेंदबाज चमीरा ने 44 एकदिवसीय मैच में 50 विकेट चटकाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने 'एक्स' पर लिखा, श्रीलंका क्रिकेट घोषणा करता है कि एंजेलो मैथ्यूज और दुष्मंता चमीरा रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में भारत में टीम से जुड़ेंगे।' एसएलसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट के चयनकर्ताओं ने यह फैसला किया है जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि टीम के किसी खिलाड़ी को चोट जैसी आपात स्थिति में वैकल्पिक खिलाड़ी तैयार रहें।

# कबड्डी टूर्नामेंट में डीपीएस रांची रहा रनर अप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीबीएसई जोनल क्लस्टर 3 कबड्डी टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची की बालिका टीम ने अपनी असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में रनर बनी एवं डीपीएस रांची की टीम का चयन इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी हो चुका है। प्रतियोगिता में झारखंड एवं बिहार राज्यों के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस प्रतियोगिता का आयोजन बुद्धा वर्ल्ड गर्ल्स स्कूल, पटना, बिहार में किया गया था। यहां यह उल्लेखनीय है कि डीपीएस रांची की टीम ने इस प्रतियोगिता की लीग मैचों में जेनिथ पब्लिक स्कूल, बुद्धा वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, रेडियंट स्कूल, ग्रिजली स्कूल की टीमों को हराया एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर का आयोजन पंजाब में किया जाएगा। इस बेमिसाल परिणाम से हर्षित होकर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, इस टूर्नामेंट में यह जीत डीपीएस रांची के छात्रों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है की डीपीएस रांची की बालिका कबड्डी टीम का चयन राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए चयनित हो चुकी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# खुलासा : मार्च में टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी वीनस विलियम्स



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स का अभी अपने टेनिस करियर को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि वह अगले साल मार्च में प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं।

विलियम्स ने इस सप्ताह कहा कि विंबलडन में एलिना स्वितोलिना के हाथों पहले दौर में मिली हार ने न केवल 2023 की चौथी तिमाही के लिए उनकी योजनाओं को बाधित किया, बल्कि 2024 की शुरूआत को भी बाधित कर दिया।

लेकिन टेनिस.कॉम के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, 43 वर्षीय ने कहा कि वह अब अगले साल मार्च में वापसी का लक्ष्य बना रही है। विलियम्स ने कहा, मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने की पूरी कोशिश की। मैं अपनी फॉर्म तक नहीं पहुंच पाई, इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च तक वापसी का लक्ष्य बना रही हूं। इसलिए, मेरा लक्ष्य है जब टूर्नामेंट अमेरिका में वापस आएंगे तो यह चालू रहेगा।

विंबलडन में उस हार के बाद विलियम्स ने तीन इवेंट खेले। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरूआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया।

सीजन का उनका आखिरी मैच उन्होंने यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से गंवाया। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी। विलियम्स ने 2023 में सात इवेंट खेले, क्योंकि साल के पहले इवेंट, ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में चोट लगने के कारण उनका कार्यक्रम लगभग छह महीने तक बाधित रहा।

वह ग्रास-कोर्ट सीजन के लिए एक्शन में लौटीं, जहां उन्होंने बर्मिंघम में 3 घंटे, 17 मिनट के मैच में कैमिला जियोर्गी को हराया। वह फिलहाल 408वें स्थान पर हैं।

## बोटाफोगो को जूनियर सैंटोस ने सीरी ए खिताब के करीब पहुंचाया



**रियो डी जेनेरो।** जूनियर सैंटोस के दो गोल की मदद से बोटाफोगो अमेरिका माइनेरियो पर 2-1 से जीत के साथ 28 साल में अपने पहले ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब के करीब पहुंच गया। जूनियर सैंटोस (22') के पहले गोल की मदद से बोटाफोगो ने मैच में 1-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन मार्टिन बेनिटेज (39') ने अमेरिका माइनेरियो को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। मगर, एक बार फिर जूनियर सैंटोस (50') ने गोल दागा और 2-1 से बढ़त बनाई।

**डब्ल्यूपीएल 2024** **चैंपियन मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत को रिटेन किया**

# गुजरात एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी के साथ जारी रहेगा

**एजेंसी। मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2023 की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 2024 में होने वाले आयोजन के अगले संस्करण के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित 13 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। हरमनप्रीत के अलावा, मुंबई ने डब्ल्यूपीएल 2023 के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी और पर्पल कैप प्राप्तकर्ता हेले मैथ्यूज और सीजन के उभरते खिलाड़ी यास्तिका भाटिया के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द फाइनल नताली साइवर-ब्रंट को भी बरकरार रखा है।

मुंबई इंडियंस के 13 रिटेन खिलाड़ियों में पांच विदेशी खिलाड़ी अमेलिया केर, इसाबेल वोंग और क्लो ट्रायॉन के अलावा हेले मैथ्यूज और नताली साइवर-ब्रंट शामिल हैं।

हीथर ग्राहम, धारा गुज्जर, सोनम यादव और नीलम बिष्ट को टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि मुंबई इंडियंस ने शेष स्लॉट भरने के लिए 2.1 करोड़ रुपये की वेतन सीमा के साथ 11.4 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। अब उनके पास पांच स्लॉट उपलब्ध हैं जिनमें से एक विदेशी खिलाड़ी के लिए है।




21 विदेशी क्रिकेटरों सहित सभी 60 खिलाड़ियों को पांच फ्रेंचाइजियों में बरकरार रखा गया था क्योंकि पांच फ्रेंचाइजी के लिए खिलाड़ियों को बनाए रखने की अवधि 15 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी। समय सीमा के अंत में, 29 खिलाड़ियों को उनकी मौजूदा टीम से रिलीज कर दिया गया था। डब्ल्यूपीएल 2023 फाइनल में मुंबई इंडियंस से हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विदेशी महिला खिलाड़ियों सहित 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। रिटेन किए गए खिलाड़ियों में एलिस कैप्सी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासेन*, लॉरा हैरिस, मारिजैन कैप, मेग लैनिंग और मिन्नू मणि शामिल हैं। उन्होंने 11.25 करोड़ रुपये खर्च किए और 2.25 करोड़ रुपये बाकी हैं। गुजरात जायंट्स ने सबसे कम आठ खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिसमें एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल और लॉरा वोल्वार्ड्ट जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने केवल 7.55 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और शेष स्लॉट भरने के लिए उनके पर्स में 5.95 करोड़ रुपये शेष हैं।